

मनदीप कौर, मैनेजिंग डायरेक्टर

पढ़ें भारत हर ख़बर सच के साथ

# आज तक आमने-सामने

पंजाब, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली एवं हरियाणा

Email : aajtakaamnesaamne.in@gmail.com

RNI No-Punhin2013/54688 1-15 JUNE-2025



एस. के. सक्सैना, मुख्य संपादक

साल 2025 /संपादक एसके सक्सैना / www aajtakaamnesaamne.com /Help Line 9878552070


# 11 वर्षों में भारत ने बदलाव की नई परिभाषा लिखी–मोदी

## कहा, यह एक सुशासन और समावेशी विकास की गाथा रही है

एस. के. सक्सैना



नयी दिल्ली, (एजेंसी)– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपनी सरकार के 11 वर्षों की यात्रा का मूल्यांकन करते हुए देशवासियों को विश्वास दिलाया कि यह एक सुशासन और समावेशी विकास की गाथा रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि डिजिटल नवाचार और जलवायु कार्रवाई जैसे वैश्विक मुद्दों पर भी प्रमुख आवाज बन चुका है।

यह संदेश ऐसे समय में आया है जब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा हो रहा है और विपक्ष सरकार पर एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों की अनदेखी के आरोप लगा रहा है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक विस्तृत पोस्ट में बताया कि बीते 11 वर्षों में सरकार ने गरीबों, वंचितों और आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए हैं। उन्होंने लिखा, हमारी हर योजना का केंद्र बिंदु आम नागरिक का कल्याण रहा है – उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम आवास, जनऔषधि या पीएम किसान – इन योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए लिंक में सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को रेखांकित किया गया – 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन, 15 करोड़ घरों में नल जल कनेक्शन, 4 करोड़ से अधिक आवास गरीबों के लिए, 12 करोड़ शौचालय, 68 लाख रेहड़ी–पटरी वालों को ऋण, 52.5 करोड़ छोटे उद्यमियों को लोन, 20 करोड़ महिलाओं को कोविड राहत के दौरान नकद सहायता

## पीएम मोदी ने पाकिस्तान को घेरा

एस. के. सक्सैना

### पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत, कश्मीरियत पर हमला किया – प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसने पहलगाम में पर्यटकों को निशाना बनाकर इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। उन्होंने कहा कि इस हमले का मकसद भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़काना और पर्यटन पर निर्भर कश्मीरी लोगों की आजीविका छीनना था। प्रधानमंत्री ने कश्मीर घाटी के लिए पहली रेल सेवा को हरी झंडी दिखाने और चिनाब नदी पर बनाए गए दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल सहित कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद कटरा में आयोजित एक जनसभा में पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पर्यटन रोजगार उपलब्ध कराता है और लोगों को जोड़ने वाली कड़ी का काम करता है, लेकिन दुर्भाग्य से पड़ोसी देश मानवता, सद्भाव और पर्यटन का दुश्मन है। मोदी ने कहा, 卐इतना ही नहीं, पाकिस्तान गरीबों की रोजी–रोटी का भी दुश्मन है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसका उदाहरण है। पीएम मोदी ने आगे कहा, पाकिस्तान ने पहलगाम में इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। पाकिस्तान का इरादा भारत में सांप्रदायिक दंगे भड़काना था। वह कश्मीर के लोगों की रोजी–रोटी छीनना चाहता था, इसलिए उसने पर्यटकों को निशाना बनाया।卐



# मृतकों की संख्या 270 हुई, केंद्र ने बनाई जांच समिति

अहमदबाद (एजंसी) – अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों की संख्या शनिवार को बढ़कर 270 हो गयी। अधिकारियों ने कहा कि पिछले 24 घंटे में, दमकल टीम ने दुर्घटनास्थल से एक शव और शरीर के कुछ अंग बरामद किए हैं। इस बीच, डीएनए मिलान के जरिये 11 मृतकों की पहचान कर ली गयी है। उधर, केंद्र सरकार ने हादसे के कारणों की जांच के लिए केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बहु–विषयक समिति गठित की है। इस बहु–एजेंसी समिति में नागरिक उड्डयन, गृह मंत्रालय, डीजीसीए, बीसीएएस, वायु सेना, खुफिया ब्यूरो, फोरेंसिक विशेषज्ञ और गुजरात राज्य प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। समिति भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक दिशा–निर्देश भी सुझाएगी।

# वन इंडिया वन इलेक्शन प्रस्ताव पर पंजाब सरकार और 'आप' ने जताया विरोध - चीमा

## कहा – यह कदम बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए भारत के संविधान की मौलिक संरचना और भावना पर सीधा हमला

एस. के. सक्सैना





चंडीगढ़, – भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए %एक राष्ट्र एक चुनाव% प्रस्ताव पर पंजाब सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) का कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने शनिवार को इसे बाबासाहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए भारत के संविधान की मौलिक संरचना और भावना पर सीधा हमला बताया। पी.पी. चौधरी की अध्यक्षता में संयुक्त संसदीय कमेटी द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लेने के बाद पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि उन्होंने, %आप% के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा के साथ मिलकर इस कदम को पूरी तरह से खारिज कर दिया। वित्त मंत्री चीमा ने कहा, 卐भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का यह प्रस्ताव एक छिपा हुआ एजेंडा है, जिसे बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर द्वारा सावधानीपूर्वक तैयार किए गए भारत के संविधान में निहित राष्ट्र के संघीय ढांचे को नष्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रस्तावित विधेयक में संशोधनों का जिक्र करते हुए, वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि सुझाए गए संशोधन प्रभावी रूप से राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को केंद्र सरकार के विवेक के अधीन कर देंगे, जो संविधान में निहित संघीय ढांचे के साथ असंगत एक खतरनाक अतिक्रमण है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार द्वारा अनुच्छेद 356 और 360 के दुरुपयोग को और बढ़ावा देगा। भाग 2 की धारा 5 के अनुसार, यदि चुनाव आयोग की राय है कि किसी विधान सभा के चुनाव लोक सभा के आम चुनाव के साथ नहीं कराए जा सकते हैं, तो वह राष्ट्रपति को सिफारिश कर सकता है कि एक आदेश द्वारा घोषित किया जाए कि उस विधान सभा के चुनाव बाद की तारीख में कराए जा सकते हैं। इस संशोधन का हवाला देते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि भाजपा की एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा अंततः उल्टी पड़ेगी, क्योंकि यह केंद्र सरकार को अपनी सुविधानुसार आम चुनावों के एक या दो साल बाद राज्य चुनाव कराने में सक्षम बनाएगी, बजाय इसके कि जिस उद्देश्य से इस प्रस्ताव का प्रचार किया जा रहा है, उसकी पूर्ति हो। संघीय लोकाचार और राज्यों की संस्थागत स्वायत्तता को बनाए रखने के लिए एकजुट रुख अपनाने का आह्वान करते हुए, चीमा ने जोर दिया कि ऐसे एकतरफा प्रस्ताव भारत के लोकतांत्रिक ताने–बाने के लिए आवश्यक शक्ति संतुलन को अस्थिर करने का जोखिम उठाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा प्रस्तावित एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक क्षेत्रीय दलों को खत्म करने का एक सोची–समझी चाल है जो विविध संस्कृतियों, भाषाओं और क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारतीय लोकतंत्र की रीढ़ हैं।

# केदारनाथ से आ रहा हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, सात लोगों की मौत



उत्तराखंड (एजंसी)–उत्तराखंड में केदारनाथ के पास रविवार को एक निजी कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार छह श्रद्धालुओं समेत सात लोगों की मौत हो गयी। रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि यह दुर्घटना गौरीकुंड के जंगलों के ऊपर हुई। इस दुर्घटना में मरने वालों में पायलट और एक शिशु भी शामिल है। उन्होंने बताया कि सुबह लगभग साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर ने केदारनाथ से गुप्तकाशी के लिए उड़ान भरी और अचानक यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया । रजवार ने कहा कि ऐसा अनुमान है कि खराब मौसम के कारण दृश्ता कम होने की वजह से यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव दल भेजे गये हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर एक संदेश में कहा कि हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद समाचार मिला है और राज्य आपदा प्रतिवादन बल सहित अन्य एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हैं। इससे पहले, आठ मई को उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें छह लोगों की मौत हो गयी थी। सात जून को भी केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरते ही तकनीकी खराबी आ जाने के कारण सड़क पर आपात लैंडिंग करनी पड़ी थी जिसमें पायलट को चोटें आयीं थी लेकिन उसमें सवार पांच श्रद्धालु सुरक्षित बच गए थे।

# डॉ. मनसुख मांडविया ने अर्बन अड्डा 2025 का उद्घाटन किया और साइक्लिंग पर महत्वपूर्ण पुस्तकें लॉन्च कीं

## संडे ऑन साइकिल पहल फिट इंडिया को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी मुहिम बन गई है – डॉ. मनसुख मांडविया

नई दिल्ली (एजेंसी)–केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में अर्बन अड्डा 2025 सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं, विशेषज्ञों और जिग्गजों को एकजुट करके बेहतर शहरी भविष्य बनाना है। डॉ. मांडविया ने अपने मुख्य भाषण में कहा, 卐साइकिल चलाना व्यायाम का सबसे अच्छा तरीका है। यह न केवल हमें स्वस्थ बनाता है बल्कि पर्यावरण को भी बनाए रखने में मदद करता है। साइकिल चलाना प्रदूषण का समाधान है केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब मैं पहली बार सांसद बना था, तो मैं हर दिन साइकिल से संसद जाता था और लोग मुझे 'साइकिल वाला सांसद' के रूप में देखते थे। हमें साइकिल चलाने को एक मुहिम में बदलना होगा और इस धारणा को दूर करना होगा कि यह केवल समाज के एक विशेष वर्ग के लिए है और ऐसा करने से साइकिल चलाना सभी के लिए एक फैशन बन जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के बारे में कहा, 卐संडे ऑन साइकिल पहल फिट इंडिया को बढ़ावा देने के लिए




एक राष्ट्रव्यापी मुहिम बन गई है। मैं सभी से प्रतिदिन साइकिल चलाने और 2047 तक विकसित भारत की दिशा में योगदान देने का आग्रह करता हूँ। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. मांडविया ने औपचारिक रूप से दो महत्वपूर्ण प्रकाशनों का शुभारंभ किया- साइकिलिंग, बच्चे और शहर, लेखक- डॉ. भैरवी जोशी रोड टू साइकिल2स्कूल, लेखक डॉ. भैरवी जोशी और एआर. कुश पारिख ये पुस्तकें शहरी परिवेश को तत्काल नए सिरे से डिजाइन करने की आवश्यकता पर जोर डालती है ताकि बच्चों के लिए सक्रिय गतिशीलता, स्वस्थ जीवनशैली और सुरक्षित सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराए जा सकें। डॉ. मांडविया ने कहा- अगर हमें 2047 तक वास्तव में विकसित भारत का निर्माण करना है, तो हमें सुरक्षित सड़कों, बेहतर सार्वजनिक स्थानों और साइकिल चलाने जैसे सुलभ गतिशीलता विकल्पों के माध्यम से अपने बच्चों के दैनिक के जीवन को सुरक्षित करना शुरू करना होगा। दंत चिकित्सक, बीवाईसीएस इंडिया फाउंडेशन की सीईओ और संस्थापक निदेशक तथा साइकिलिंग की प्रबल समर्थक डॉ. भैरवी जोशी ने सत्र का समापन करते हुए पूरी टीम की ओर से हार्दिक धन्यवाद दिया।

# मोदी का 11वां साल–भारत के बदलाव में एक बड़ी उपलब्धि

## लखपति दीदी पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया

श्री हरदीप एस पुरी

लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है। यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है। %अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय% के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम–किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को ?3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। लखपति दीदी पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम–जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने



की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं। आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई। दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है। दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है। आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100त्न एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने–फूलने में मदद मिली है।

ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का ?3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा। भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप–टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है। स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या–समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। इस बीच, भारत धीरे–धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46त्न हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन–देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है। 2024–25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय ?44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर ?10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है। विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

## संपादकीय

# 'ऊँ' की ध्वनि का महात्म्य ।।

एक घड़ी, आधी घड़ी, आधी में पुनि आध।
तुलसी चरचा प्रेम की, हरै कोटि अपराध।।

1 घड़ी = 24 मिनट।
1/2 घड़ी = 12 मिनट।
1/4 घड़ी = 06 मिनट।

क्या ऐसा हो सकता है कि 06 मिनट में किसी साधन से करोड़ों



विकार दूर हो सकते हैं। उत्तर है हाँ..! वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि, सिर्फ 06 मिनट 'ऊँ' का उच्चारण करने से सैंकड़ों रोग ठीक हो जाते हैं, जो दवा से भी इतनी जल्दी ठीक नहीं होते।

06 मिनट 'ऊँ' का उच्चारण करने से मस्तिष्क में विशेष वाइब्रेशन (कम्पन) होता है और आक्सीजन का प्रवाह पर्याप्त होने लगता है। जिससे कई मस्तिष्क रोग दूर होते हैं, स्ट्रेस और टेन्शन दूर होती है,[याददाश्त शक्ति] स्मरण शक्ति बढ़ती है।

लगातार सुबह शाम 06 मिनट 'ऊँ' के तीन माह तक उच्चारण से रक्त संचार संतुलित होता है और रक्त में आक्सीजन स्तर बढ़ता है। रक्त चाप, हृदय रोग, कोलस्ट्रोल जैसे रोग ठीक हो जाते हैं। विशेष ऊर्जा का संचार होता है।

मात्र 02 सप्ताह दोनों समय 'ऊँ' के उच्चारण से घबराहट, बेचैनी, भय, एंग्जाइटी जैसे रोग दूर होते हैं। कंठ में विशेष कंपन होता है मांसपेशियों को शक्ति मिलती है। थाइराइड, गले की सूजन दूर होती है और स्वर दोष दूर होने लगते हैं। पेट में भी विशेष वाइब्रेशन और दबाव होता है।

एक माह तक दिन में तीन बार 06 मिनट तक 'ऊँ' के उच्चारण से पाचन तन्त्र, लीवर, आँतों को शक्ति प्राप्त होती है, और डाइजेशन सही होता है, सैकड़ों उदर रोग दूर होते हैं। उच्च स्तर का प्राणायाम होता है, और फेफड़ों में विशेष कंपन होता है, जिससे फेफड़े मजबूत होते हैं, श्वसनतंत्र की शक्ति बढती है, 06 माह में अस्थमा, राज्यक्ष्मा (टी बी.) जैसे रोगों में लाभ होता है। आयु बढ़ती है।

ये सारे रिसर्च (शोध) विश्व स्तर के वैज्ञानिक स्वीकार कर चुके हैं। जरूरत है तो हमें मात्र 06 मिनट रोज का उच्चारण करने की..!

**आज तक आमने सामने**

**RNI NO -PUNHIN0/2013/54688**

Printed by Mandeep Kaur, Published by Mandeep Kaur, Owned by Mandeep Kaur & Printed at Dashmash Printers 178-179 Ranjit Nagar, Jalnadhar City, Published 87 Ranjit Nagar Near Bus Stand, Jalandhar, Punjab

**Editor Surinder Kumar (SK Saxena)**

Responsible for selection of News under the PRB ACT.
All Rights Reserved Reproduction in whole or in Part without Permission in Prohibited, All disputes shall be settled at Jalandhar Jurisdiction only
Faxt No. : 0181-5024001, Conact No : 0181-5077100

**आवश्यक सूचना**

आज तक आमने-सामने का इस समाचार पत्र में मुद्रित वज्ञिापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) के तथ्यों सबंधी कोई दायित्व नहीं है। महारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से अनुरोध है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व सभी तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। -प्रधान संपादक

# युद्ध नशों विरुद्ध-पंजाब पुलिस द्वारा राज्य से नशों के संपूर्ण खात्मे के लिए रोडमैप तैयार

## डीजीपी गौरव यादव द्वारा नशा पीडतों को बड़े नशा सप्लायरों से अलग करके, तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और नशा पीड़ितों को नशा छुड़ाने का इलाज करवाने के लिए प्रेरित करने की घोषणा

मनदीप कौर

चंडीगढ़/जालंधर, 4 जून– मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे व्यापक नशा विरोधी अभियान 'युद्ध नशों विरुद्ध', जिसके अंतर्गत 15,000 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया जा चुका है, की पहले तीन महीनों में मिली शानदार सफलता के बाद पंजाब पुलिस ने राज्य से नशों के संपूर्ण खात्मे के लिए रोडमैप तैयार किया है। यह घोषणा आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने की। कहा कि इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु नशों के नेटवर्क को समाप्त करने के लिए दो–तरफ़ा रणनीति अपनाई जा रही है, जिसमें बड़े नशा सप्लायरों/तस्करों को नशा पीड़ितों से अलग किया जा रहा है, जिसके तहत तस्करों के विरुद्ध सख़्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है, जबकि नशा पीड़ितों को नशा छुड़ाने का इलाज करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा, 卐हमारा उद्देश्य नशीले पदार्थों के असली डीलरों को अलग करके और सख़्त सज़ा देकर सप्लाई चेन को तोड़ना है, जबकि नशा पीड़ितों की रिकवरी हेतु हमदर्दी भरा रवैया अपनाना है।卐 डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि डीलरों के विरुद्ध ज़ीरो टॉलरेंस और नशा पीड़ितों के पुनर्वास पर ज़ोर दिया जा रहा है। डीजीपी पीएपी कॉम्प्लेक्स जालंधर में राज्य में चल रहे व्यापक 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम, राज्य की क़ानून व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा स्थिति संबंधी ज़िलों की प्रदर्शन समीक्षा हेतु राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर डीजीपी के साथ स्पेशल डीजीपी आंतरिक सुरक्षा आर.एन. ढोके, स्पेशल डीजीपी एंटी नारकोटिक्स फोर्स (ए एन टी एफ ) कुलदीप सिंह, स्पेशल डीजीपी क़ानून व्यवस्था अर्पित शुक्ला, एडीजीपी एएनटीएफ नीलाभ किशोर और आईजीपी हेडक्वार्टर डॉ. सुखचैन सिंह गिल मौजूद थे। साथ ही इस बैठक में पंजाब के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपीज़), पुलिस आयुक्त (सीपीज़), और रेंज आईजीज़/डीआईजीज़ भी उपस्थित थे। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस ने सूची–आधारित कार्यवाही से ध्यान हटाकर सूचना–आधारित कार्यवाही पर ध्यान केंद्रित किया है ताकि 'सेफ पंजाब चैटबॉट' पर प्राप्त होने वाली शिकायतों



पर तेजी से कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा, 卐हमारा मुख्य ध्यान 'सेफ पंजाब चैटबॉट' को और प्रोत्साहित करना है ताकि जनता से प्राप्त जानकारी का उपयोग कर नशों की बिक्री के स्तर पर कार्रवाई की जा सके।卐 उन्होंने लोगों से अपील की कि वे 'सेफ पंजाब चैटबॉट'- 9779100200 पर गुप्त रूप से नशों से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट करें। उन्होंने अपनी रणनीति के हमदर्दी वाले पहलू को उजागर करते हुए कहा कि नशीले पदार्थों की थोड़ी मात्रा के साथ पकड़े गए 1,121 नशा पीड़ितों के साथ अपराधियों की तरह व्यवहार करने की बजाय उन्हें एनडीपीएस एक्ट की धारा 64–ए के तहत पुनर्वास के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, पुलिस ने 5,786 नशा पीड़ितों को नशा छुड़ाने वाले केंद्रों में इलाज के लिए भेजा है और अन्य 6,483 नशा पीड़ितों को ओ ए टी क्लीनिकों में इलाज प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है। 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के परिणाम साझा करते हुए डीजीपी ने बताया कि पंजाब पुलिस ने 1 मार्च, 2025 से अब तक 9,087 एफआईआर दर्ज की हैं और 15,495 नशा तस्करों को गिरफ़्तार किया है और उनके कब्जे से 607 किलो हेरोइन, 249 किलो अफीम, 14 टन भुक्की, 9 किलो चरस, 263 किलो गांजा, 2.5 किलो आई सी ई, 1.6 किलो कोकीन, 26.35 लाख नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 10.83 करोड़ रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है। इसके अलावा, 144 नशा तस्करों की 74.27 करोड़ रुपए की अवैध रूप से अर्जित संपत्तियाँ फीज़ की गई हैं। डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस ज़मानत पर रिहा हुए बड़े नशा तस्करों की गतिविधियों पर नज़र रखने और निगरानी के लिए जी पी एस एंकलेट्स के प्रयोग पर भी विचार कर रही है। उन्होंने कहा, 卐हम सक्षम अदालत की स्वीकृति के साथ जी पी एस एंकलेट्स के माध्यम से ज़मानत पर रिहा हुए बड़े तस्करों की गतिविधियों को ट्रैक करने और निगरानी करने हेतु क़ानूनी दृष्टिकोण से प्रस्ताव की जांच कर रहे हैं।卐 डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ़्तार किए गए व्यक्तियों की मैपिंग के लिए एक ए आई –संचालित श्रेणीबद्ध डाटाबेस भी तैयार किया जा रहा है जिससे प्रत्येक गिरफ़्तारी में दो स्तर तक के पूर्ववर्ती/उत्तरवर्ती संबंधों का पता लगाया जा सकेगा। इस दौरान, एडीजीपी एएनटीएफ नीलाभ किशोर ने एक व्यापक प्रस्तुति दी, जिसके उपरांत बैठक के दौरान संबंधित सीपीज़/एसएसपीज़ द्वारा ज़िला स्तरीय अपडेट्स साझा किए गए।




# नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी का 350वां शहीदी दिवस श्री आनंदपुर साहिब में श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा-हरजोत बैंस

## हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादर जी के समारोहों में विश्व भर से श्रद्धालु/संगतें शामिल होंगी – कैबिनेट मंत्री

पंकज

चंडीगढ़, /रूपनगर, – हिंद की चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस समारोहों के अवसर पर श्री आनंदपुर साहिब में श्रद्धालुओं और संगत की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जाएंगे, जिसके लिए गुरु नगरी श्री आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब का चौतरफा विकास करवाया जाएगा। इन विचारों का प्रकटावा स. हरजोत सिंह बैंस, कैबिनेट मंत्री, शिक्षा और सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब ने आज डिप्टी कमिश्नर कार्यालय, रूपनगर में जिले के सभी अधिकारियों की शहीदी समारोहों संबंधी रखी एक विशेष बैठक के मौके पर किया। उन्होंने कहा कि शहीदी समारोह नवंबर महीने में आयोजित होंगे और पंजाब सरकार द्वारा इन समारोहों को बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा, जबकि इस पवित्र अवसर पर देश–विदेश से लाखों संगतें शहीदी समारोहों में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही गर्व की बात है कि श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी समारोहों के दौरान सेवा करने का मौका मिला है, जिसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को सेवा की भावना से अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी से निभानी चाहिए और समारोहों की समग्र रूपरेखा के अनुसार प्रबंध किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए उनकी सुविधा के लिए पंजाब सरकार द्वारा टेंट सिटी का प्रबंध किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और बेहतर आवाजाही सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि शहीदी दिवस के समारोहों के दौरान विरासत–ए–खालसा में लाइट एंड साउंड शो का प्रबंध किया जाएगा, जिसके माध्यम से आज की पीढ़ी को अपने धर्म और इतिहास की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के शो ड्रोन के माध्यम से विश्व स्तरीय तकनीक से किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादर जी के 350वें शहीदी दिवस से पहले गुरु नगरी श्री आनंदपुर साहिब को पूर्ण रूप से व्हाइट सिटी के रूप में परिवर्तित किया जाएगा और भविष्य में जो भी इमारतें बनेंगी, उनके लिए यह नियम तय किए जाएंगे कि उन इमारतों का रंग सफेद हो। स. बैंस ने कहा कि श्री आनंदपुर में भाई जैता जी की यादगार 5 सितंबर तक पूर्ण की जाएगी और भाई जैता जी/बाबा जीवन सिंह जी शहीद की यादगार को उनके जन्म दिवस के अवसर पर संगत को समर्पित किया जाएगा। नेचर पार्क का समय सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक बढ़ाया जाएगा और विरासत–ए–खालसा की लाइब्रेरी शाम 7-30 बजे तक खोली जाएगी। श्री आनंदपुर साहिब में दस्तार म्यूजियम का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पवित्र दिवस को ध्यान में रखते हुए श्रद्धा भावना से श्री आनंदपुर साहिब/कीरतपुर साहिब और इसके आसपास के इलाके में हरियाली को और तेजी से बढ़ाया जाएगा और 3.50 लाख पौधे लगाने का विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि तख्त श्री केसगढ़ साहिब को जाने वाले वीआईपी रोड का नाम साहिबजादा जुझार सिंह मार्ग रखा जाएगा और इस मार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री आनंदपुर साहिब में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिन–प्रतिदिन बढ़ रही है, इसलिए गुरु नगरी में एक बहुमंजिला वाहन पार्किंग का निर्माण भी करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री आनंदपुर साहिब और कीरतपुर साहिब में स्थायी रूप से अल्ट्रा–मॉडर्न बाथरूम बनाए जाएंगे।

# सरकारी स्कूलों के 44 विद्यार्थियों ने आईआईटी में मारी एंट्री, पंजाब सरकार का अगले साल संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य

रमन कुमार



## आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के सपने साकार करने में वरदान साबित हो रहा पेस कार्यक्रम– हरजोत सिंह बैंस

चंडीगढ़, –पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय शिक्षा सुनिश्चित कर अकादमिक उत्कृष्टता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब सरकार ने आने वाले सत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में दाखिला प्राप्त करने वाले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है। यह कदम इस साल 44 सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सख्त प्रतियोगी जेईई (एडवांस्ड) परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उठाया गया है। आज यहां पंजाब भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने इस सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के पंजाब एकेडमिक कोचिंग फॉर एक्सीलेंस (पेस) कार्यक्रम को दिया, जो नवंबर 2023 में शुरू किया गया था। इस कार्यक्रम ने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने में सक्षम बनाया है। पेस कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जाती है, जिसमें लाइव ऑनलाइन कक्षाएं, प्रश्न–उत्तर सत्र, मॉक टेस्ट और रेजिडेंशियल कैंप कोचिंग शामिल हैं। इस पहल ने सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को निजी स्कूलों में पढ़ने वाले अपने साथियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाकर वित्तीय अंतर को दूर किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं की तैयारी पर होने वाला खर्च—जो अक्सर लाखों रुपये में आता है— आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों के लिए बड़ी बाधा बनता रहा है। पेस कार्यक्रम ने इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से हल करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी होनहार विद्यार्थी वित्तीय बाधाओं के कारण पढ़ाई और करियर के अवसरों से वंचित न रहे। इस पहल की प्रभावशीलता के बारे में बात करते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि %पेस% एक कोचिंग कार्यक्रम से कहीं बढ़कर है, जो ग्रामीण क्षेत्रों, छोटे कस्बों और पिछड़े पृष्ठभूमि वाले विद्यार्थियों को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने में सक्षम बनाता है, यह साबित करता है कि योग्य और सही सहायता के साथ, प्रतिभा कहीं भी पनप सकती है। उन्होंने आगे कहा कि इन प्रयासों ने पहले ही प्रभावशाली परिणाम दिए हैं, जिसके चलते सरकारी स्कूलों के 44 विद्यार्थियों ने सख्त प्रतियोगी जेईई एडवांस्ड परीक्षा को सफलतापूर्वक पास किया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह शिक्षा क्रांति है और हम सिर्फ मोहाली, लुधियाना या जालंधर जैसे कुछ बड़े शहरों पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे बल्कि हमारा उद्देश्य राज्य भर के विद्यार्थियों को सशक्त बनाते हुए उन्हें सफल होने के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हम विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करते हुए अन्य विद्यार्थियों तक पहुंच के लिए कार्यक्रम के विस्तार की योजना बना रहे हैं। स. बैंस ने आगे कहा कि करियर संबंधी फैसलों में विद्यार्थियों की मदद के लिए उन्हें आवश्यक सलाह और मार्गदर्शन देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।


# अमृतसर में एक महिला सहित छह नशा तस्कर 4 किलो हेरोइन के साथ काबू

## एक मॉड्यूल दोषी सैवनबीर द्वारा और दूसरा मॉड्यूल रणजीत उर्फ चीता की महिला सहयोगी द्वारा चलाया जा रहा था–डीजीपी गौरव यादव

रमन

चंडीगढ़/ अमृतसर, –मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा–निर्देशों पर शुरू की गई नशों विरोधी मुहिम के दौरान अमृतसर कमिशनरेट पुलिस ने दो अंतरराष्टीय नार्को–तस्करी कारटैलों का पर्दाफाश किया है, जिसमें एक महिला समेत छह नशा तस्करों को गिर?तार किया गया है, जिनके पास से 4 किलो हेरोइन बरामद की गई है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने गुरूवार यहाँ दी।





# स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने पर्यावरण सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का उपयोग छोड़ने की अपील की

## विश्व पर्यावरण दिवस, 2025 के अवसर पर मोहाली में राज्य स्तरीय समारोह

एसके सक्सैना





चंडीगढ़ / एस.ए.एस. नगर, – पंजाब के स्थानीय निकाय और संसदीय मामलों के मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने लोगों से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्लास्टिक का उपयोग छोड़ने और इस वर्ष के थीम %बीट प्लास्टिक प्रदूषण% का पालन करने का आह्वान किया। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विभाग, पंजाब द्वारा आज इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस, मोहाली में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करते हुए, डॉ. रवजोत सिंह ने राज्य के लोगों के सामने मौजूदा पर्यावरणीय चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की और भगवंत सिंह सरकार द्वारा पंजाब को स्वच्छ और साफ वातावरण वाले सबसे स्वस्थ राज्यों में से एक बनाने के लिए समयबद्ध तरीके से इन्हें हल करने के लिए किए जा रहे संपूर्ण उपचारात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे बताया कि राज्य सरकार ने पर्यावरण पर हानिकारक प्रभावों के कारण पहले ही राज्य में सिंगल–यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है, साथ ही इसके निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया है। संबंधित विभागों/एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्लास्टिक रहित और पर्यावरण अनुकूल विकल्पों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें और उन्हें बढ़ावा दें। उन्होंने राज्य के लोगों से श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं का पालन करके अपने आसपास और पर्यावरण के सुधार के लिए अपने स्तर पर योगदान करने का आह्वान किया, जिन्होंने हमें %हवा% की तुलना गुरु से, %पानी% की पिता से और पृथ्वी की माता से करके प्रकृति का सम्मान और संरक्षण करने का उपदेश दिया। उन्होंने पंजाब के नागरिकों से पर्यावरण–अनुकूल जीवन शैली अपनाने और प्रकृति और इसके सभी गुणों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण रखने का भी आह्वान किया। समारोह का उद्घाटन करते हुए, डॉ. रवजोत सिंह ने राज्य में वृक्षारोपण के लिए जागरूकता अभियान शुरू करते हुए पौधे वितरित किए और लोगों से इस पवित्र कार्य में हिस्सा लेने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक का उपयोग छोड़ने को कहा। राज्य में पर्यावरण संतुलन के कार्यों के लिए उन्होंने संगठनों/विभागों को 8.10 करोड़ रुपये की राशि दी और पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इंक्यूबेटर में दो महत्वपूर्ण अनुसंधान प्रयोगशालाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया गया। इसके अलावा, स्थानीय निकाय मंत्री ने पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी और खालसा कॉलेज अमृतसर द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई 卐गुरबाणी में प्रकृति का फेनोमेनोलॉजिकल अजूबा卐 और काउंसिल द्वारा तैयार की गई द्विभाषी 卐एनसाइक्लोपीडिया डिक्शनरी ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट चेंज卐 जारी की। इस अवसर पर पी.एस.सी.एस.टी. और इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आई.जी.एस.डी.), यू.एस.ए. द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई एक तकनीकी रिपोर्ट 卐पाथवेज़ टू नेट ज़ीरो इन पंजाब- क्रिटिकल रोल ऑफ़ नॉन–सीओ2卐 प्रदूषक भी जारी की गई। पंजाब के पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के क्षेत्र में दिए गए उत्कृष्ट और महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देते हुए, स्थानीय निकाय मंत्री ने आज वर्ष 2025 के शहीद भगत सिंह पंजाब राज्य वार्षिक पर्यावरण पुरस्कार चार संस्थाओं को प्रदान किए, जिनमें ग्राम पंचायत, गाँव जंगीराणा, जिला बठिंडा को ग्राम पंचायत की श्रेणी में; सरकारी हाई स्कूल मलकों, मानसा को संस्था की श्रेणी में; ग्रीन प्लैनेट सोसाइटी, ज़ीरकपुर, एस.ए.एस. नगर को एन.जी.ओ./सामाजिक संगठन की श्रेणी में और नटराज वूलटेक्स लिमिटेड, अमृतसर को उद्योग की श्रेणी में प्रदान किया। पुरस्कार में प्रत्येक संगठन को 1 लाख रुपये का नकद इनाम, प्रशंसा प्रमाण पत्र और चांदी की प्लेट (स्मारक चिन्ह) शामिल है। इसके अलावा, कैबिनेट मंत्री ने पंजाब के 8 जमीनी स्तर के इनोवेटर्स को भी सम्मानित किया, जिन्हें अपनी खुद की सूझबूझ और ज्ञान से कम लागत वाली स्वदेशी प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को विकसित करने के लिए 1043 प्रविष्टियों में से चुना गया था। संगरूर, पटियाला, लुधियाना और अमृतसर के जिला समन्वयकों को भी राष्ट्रीय इको–क्रिएटिविटी और इनोवेशन हैकथॉन में भारत में सर्वश्रेष्ठ जिलों का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोट खालसा, अमृतसर को भी %विप्रो अर्थियन अवार्ड, 2024% जीतने के लिए सम्मानित किया गया। सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कोट खालसा, अमृतसर इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने गए देश के 20 सबसे अच्छे स्कूलों में से एक था। स्थानीय निकाय मंत्री ने पंजाब राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा तैयार किए गए जमीनी स्तर के इनोवेटर्स की सुविधा के लिए एक पुस्तिका भी जारी की



# हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के प्रयासों को मिला फल, रोपड़ में स्थापित होंगे 800-800 मेगावाट के दो और बिजली उत्पादन यूनिट

## पंजाब में 800 मेगावाट यूनिट का एक नया प्लांट स्थापित करने को मंजूरी

पंकज

चंडीगढ़, पंजाब के बिजली मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के प्रयासों के परिणामस्वरूप आज पंजाब राज्य में 800–800 मेगावाट के 3 और बिजली उत्पादन यूनिट स्थापित करने की मांग को केंद्रीय बिजली मंत्री द्वारा स्वीकार कर लिया गया। आज यहां भारत सरकार के बिजली विभाग द्वारा उत्तर भारत के बिजली मंत्रियों के लिए रखी गई कॉन्फ्रेंस में पंजाब राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए स हरभजन सिंह ई टी ओ ने यह मुद्दा उठाया था। इस कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता भारत सरकार के बिजली मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा की गई, जिसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और दिल्ली सरकार के बिजली मंत्रियों और अधिकारियों ने शिरकत की। बिजली मंत्री ने रोपड़ थर्मल प्लांट की मौजूदा बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि पंजाब के पास अपनी कोयले की खान है, परंतु केंद्र सरकार द्वारा कोयले की ढुलाई 1000 किलोमीटर से अधिक न करने की शर्त के कारण इन थर्मल प्लांट्स की क्षमता बढ़ाने में आ रही दिक्कत का मुद्दा उठाया। इस मांग को स्वीकार करते हुए केंद्रीय बिजली मंत्री ने अधिकारियों को हिदायत दी कि कोयला ले जाने की सीमा को 1500 किलोमीटर से बढ़ा दिया जाए और पंजाब के रोपड़ में 800–800 मेगावाट के दो और बिजली उत्पादन प्लांट को स्थापित करने की अनुमति दे दी जाए। इसके साथ ही 800 मेगावाट का एक नया यूनिट पंजाब में स्थापित करने को भी मंजूरी दे दी गई। केंद्रीय बिजली मंत्री की इस मंजूरी से पंजाब में 2400 मेगावाट के थर्मल प्लांट स्थापित होने का रास्ता साफ हो गया। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा राज्य में 7000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के दिए गए लक्ष्य के बारे में बोलते हुए हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि पंजाब में आवश्यक भूमि की कीमत ज्यादा होने के कारण इस दिशा में लक्ष्य हासिल करने में दिक्कत आ रही है, परंतु पंजाब सरकार किसी पड़ोसी राज्य में यह सौर प्रोजेक्ट लगाने के लिए प्रयासरत है, जहां से बिजली की आपूर्ति भी आसानी से पंजाब को हो जाए। इस मौके पर बिजली से संबंधित पंजाब के पक्ष को मजबूती से रखते हुए बिजली मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने धान के सीजन के मद्देनजर पंजाब सरकार द्वारा केंद्र सरकार से मांगी गई 1000 मेगावाट बिजली को जल्द पूरा करने की मांग करते हुए कहा कि देश के अन्न भंडार को सुरक्षित करने के लिए हमेशा पंजाब द्वारा बढ़–चढ़कर योगदान दिया गया है, इसलिए धान के सीजन को ध्यान में रखते हुए पंजाब की इस मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि किसानों को समय पर बिजली मिल सके और वे धान को आवश्यकतानुसार पानी दे सकें। वर्तमान समय में पंजाब राज्य को केंद्रीय पूल से 275 मेगावाट बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी जालंधर में पहले से लगे हुए 100 एमवीए के 2 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाकर 160 एमवीए करने संबंधी सभी आवश्यक स्वीकृतियां हासिल की जा चुकी हैं और इस कार्य के लिए खर्च भी पंजाब सरकार द्वारा किया जाना है, परंतु फिर भी यह मामला अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में लंबित कार्यवाही को जल्द पूरा किया जाए ताकि बीबीएमबी जालंधर की इकाई को सही तरीके से चलाया जा सके। बिजली मंत्री ने इस मौके पर केंद्र सरकार की आर.डी.एस.एस. योजना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस योजना के तहत पंजाब राज्य के बिजली आपूर्ति ढांचे को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने 60–40 के अनुपात में 3600 करोड़ के प्रोजेक्ट के लिए 60 प्रतिशत हिस्सा देना था, परंतु अब इस प्रोजेक्ट की लागत बढ़ने के कारण और केंद्रीय अनुदान निश्चित होने के कारण अनुदान का प्रतिशत 60 घटकर 40 रह गया है, जिसके कारण पंजाब राज्य को लगभग 300 करोड़ का घाटा होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस स्थिति के मद्देनजर नए दरों पर इस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी जाए। बिजली मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के आदेशों के अनुसार पंजाब राज्य में जल्द ही साइबर सुरक्षा ऑडिट करवाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्यवासियों को बेहतरीन बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा, हर व्यक्ति लगाए एक पेड़

## नए जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में पेड़ लगाने की मुहिम शुरू

मनदीप कौर



होशियारपुर, –जिला एवं सत्र न्यायाधीश–कम–अध्यक्ष जिला कानूनी सेवा अथॉरिटी रजिंदर अग्रवाल की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नए जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, होशियारपुर में पर्यावरण को स्वच्छ रखने और सुंदरता बढ़ाने के लिए पेड़ लगाने की मुहिम की शुरुआत की गई। ये पेड़ वन विभाग के सहयोग से लगाए गए हैं। इस अवसर पर जिला स्तर पर सभी न्यायिक अधिकारी और उप–मंडल स्तर पर तैनात न्यायिक अधिकारियों द्वारा होशियारपुर के नए जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर और उपयुक्त स्थानों पर पेड़ लगाए गए। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजिंदर अग्रवाल ने कहा कि पेड़ प्रकृति का वरदान हैं और ये जीवन जीने का एक उत्कृष्ट स्रोत हैं। इनसे विभिन्न प्रकार की दवाइयां, लकड़ी के मकान और फर्नीचर आदि बनाए जाते हैं, साथ ही ये बाढ़ के पानी से भी सुरक्षा प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने–अपने घरों में भी पेड़ लगाने चाहिए। सी.जे.एम.–कम–सचिव जिला कानूनी सेवा अथॉरिटी नीरज गोयल ने पेड़ लगाने की मुहिम के बारे में बताते हुए कहा कि यह मुहिम होशियारपुर में जिला स्तर और उप–मंडल स्तर पर शुरू की गई है, जो 5 जून से 7 जुलाई 2025 तक चलेगी। इस पूरे समय के दौरान होशियारपुर के विभिन्न गांवों और सरकारी संस्थानों में पैनल अधिवक्ताओं, पी.एल.वी., और गांवों से संबंधित बी.डी.पी.ओ. के माध्यम से सरपंच/मनरेगा कार्यकर्ताओं द्वारा पेड़ लगाए जाएंगे। इस अवसर पर जिला कानूनी सेवा अथॉरिटी होशियारपुर का समूह स्टाफ भी मौजूद था।

# पंजाब पर जमानती नेताओं का कब्ज़ा, लुधियाना की जनता देगी जवाब-चुग

एसके सक्सैना



लुधियाना/चंडीगढ़, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने लुधियाना के भाजपा चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता कर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। चुग ने कहा कि 2022 में आप ने सा? राजनीति और वीआईपी कल्चर के खिलाफ बोलकर वोट मांगे थे, लेकिन अब सच सामने है। जिसे मिस्टर क्लीन कहा जाता था, वही अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाले में प्रमुख अपराधी पाए गए। जो खुद को वीआईपी कल्चर का विरोधी बताते हैं, वही पंजाब में विपश्यना करने सौ गाड़ियों के काफिले में पहुंचते हैं, अब वही भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर बाहर नेता पंजाब को कब्जे में लेकर इसके संसाधनों का शोषण कर रहे हैं। सत्ता की भूख इतनी है कि केजरीवाल ने जेल में रहते हुए भी इस्तीफा नहीं दिया। उन्हें कोर्ट ने सशर्त जमानत दी कि वे सीएम ऑफिस नहीं जाएंगे और सरकारी बैठकें नहीं करेंगे। चुग ने कहा कि पंजाब की जनता ने जिस भगवंत मान पर भरोसा किया था, उन्होंने अपनी सरकार को केजरीवाल और उनके जमानती टोली के हवाले कर दिया है। यही नेता अब 卐युद्ध नशे के विरुद्ध卐 अभियान का चेहरा बने हुए हैं। यह पाखंड की चरमसीमा है कि दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी अब पंजाब में नशे पर भाषण दे रहे हैं, पंजाब में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है। हर दिन कहीं ग्रेनेड हमला, कहीं फायरिंग, कहीं खुलेआम झगड़े–और मुख्यमंत्री हमारे सुरक्षा बलों की बहादुरी का मज़ाक उड़ाने में व्यस्त हैं सिर्फ इतना ही नहीं पहलगाम में हुए निर्दोषों की हत्या पर भी हल्की और अपमानजनक टिप्पणियाँ करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए चुग ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व और सम्मान की बात है कि हमारी सेनाएं पाकिस्तान के अंदर 100 किलोमीटर तक जाकर आतंक के ठिकानों पर प्रहार करती हैं। लेकिन कांग्रेस और आप नेताओं द्वारा लगातार ऑपरेशन और वीर सैनिको के पराक्रम पर सवाल उठाना बेहद शर्मनाक है। इसका जवाब लुधियाना की जनता जरूर देगी। चुनावी वादों पर सवाल उठाते हुए चुग ने कहा कि तीन साल से ज़्यादा हो गए, लेकिन आम आदमी पार्टी का एक भी वादा ज़मीन पर नहीं दिखता। हर घर नौकरी का वादा किया गया था, लेकिन युवा विदेश और दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। किसानों का कर्ज माफ करने की बात थी, आज तक एक भी कर्ज माफ नहीं हुआ। महिलाओं को हर महीने ?1000 देने का वादा था, 38 महीने बीत चुके हैं, अब तक कोई अमल नहीं। कांग्रेस नेताओं चरणजीत चन्नी, अमरिंदर राजा वड़िंग और प्रताप बाजवा से चुग ने पूछा कि क्या कभी अपनी हाईकमान से पूछेंगे कि उनका 1984 के सिख नरसंहार के दोषियों से क्या संबंध है? यह प्रधानमंत्री मोदी की सरकार थी जिसने एसआईटी बनाई और आज दोषियों को सजा मिल रही है। कांग्रेस के लिए नरसंहार के गुनहगारों को बचाना प्राथमिकता थी, जबकि भाजपा ने पीड़ित परिवारों को नौकरी और सम्मान दिया। चुग ने कहा कि आप और कांग्रेस एक ही सिक्के के दो पहलू हैं–दिल्ली में गठबंधन और पंजाब में दिखावटी लड़ाई। यह सब एक भ्रम है, जो अब पंजाब की जनता की समझ में आ चुका है। अंत में चुग ने कहा कि लुधियाना विकास के नाम पर वोट देगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के विजन को समर्थन और आशीर्वाद देगा।

# सीमा पार से चल रहे हथियार तस्करी नेटवर्क का अमृतसर में पर्दाफाश; आठ पिस्तौल सहित दो गिरफ्तार

## पाकिस्तान–आधारित तस्कर नूर के निर्देशों के तहत काम कर रहे थे गिरफ्तार किए गए दोषी–डीजीपी गौरव यादव

रमन कुमार




चंडीगढ़/अमृतसर–मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनजर चल रही मुहिम के दौरान, काउंटर इंटेलिजेंस (सीआइ) अमृतसर ने पाकिस्तान समर्थित अवैध हथियार तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए इसके दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। यह जानकारी डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने शुक्रवार को दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के दाओके के रहने वाले सुखचैन सिंह और अमृतसर के गांव भकना कलां के रहने वाले जुगराज सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से आठ आधुनिक पिस्तौल ङ्क जिनमें तीन 9 एमएम ग्लॉक, चार पीएक्स5, और एक .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं ङ्क बरामद करने के अलावा खेप की डिलीवरी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे उनके काले स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (पीबी02डीसी 1197) को भी जब्त किया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी पाकिस्तान स्थित तस्कर नूर– जो पाकिस्तान के मनियाला का रहने वाला है और सीमा पार से हथियारों की खेप पहुंचाने के लिए ड्रोन का उपयोग करता था– के निर्देशों के तहत काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी राज्य में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के इरादे से पंजाब के गैंगस्टरों को आगे हथियार बांट रहे थे। ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए, डीजीपी ने कहा कि सी.आई. अमृतसर को अमृतसर के घरिंडा के अधिकार क्षेत्र में पड़ने वाले गांव भैनी राजपूतां से उक्त आरोपियों द्वारा हथियारों की खेप प्राप्त होने के बारे में पुख्ता सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीमों ने अमृतसर के खासा के पास अमृतसर–अटारी जीटी रोड पर दो व्यक्तियों को तब काबू कर लिया, जब वे अपने मोटरसाइकिल पर खेप पहुंचाने जा रहे थे। पुलिस टीमों द्वारा उनके कब्जे से हथियार भी बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि नेटवर्क के अगले–पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। इस संबंध में शस्त्र अधिनियम की धारा 25, 25(1)(ए) और 25(1)(बी) और बीएनएस की धारा 61(2) के तहत एफआईआर नंबर 34 दिनांक 05.06.2025 को पुलिस स्टेशन एसएसओसी, अमृतसर में मामला दर्ज किया गया है।





# विश्व पर्यावरण दिवस-जिला कानूनी सेवाए अथॉरिटी ने खालसा कॉलेज से रामा मंडी तक पौधे लगाए

## जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया

एसके सक्सैना

जालंधर, – जिला एवं सेशन न्यायाधीश–कम –अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालंधर निरभऊ सिंह गिल के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर खालसा कॉलेज जालंधर से रामा मंडी जालंधर तक छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीजेएम–कम –सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल कुमार आजाद, सीजेएम सुशील कुमार बोध और ए.सी.जे.एम. हरप्रीत कौर भी मौजूद थे। एक महीने तक चलने वाले अभियान की जानकारी देते हुए जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमें जीवन देता है, हमारे भोजन का स्रोत है और हमारे स्वास्थ्य का ख्याल रखता है। सीजेएम राहुल कुमार आजाद ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को सहयोग करना चाहिए। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए, जिसमें पेड़ लगाना, पानी बचाना, रीसाइकिलिंग और पर्यावरण प्रदूषण को रोकना शामिल है। इस अवसर पर कुलविंदर बाघा,बोलीना दोआबा वेलफेयर सोसायटी , खालसा कॉलेज के प्रिंसिपल इंद्रजीत, प्रेमजीत सिंह, जगन नाथ और गोरख कुमार भी मौजूद थे।






# पीईसी में उत्कृष्टता केंद्र के लिए पावरग्रिड द्वारा 17 करोड़ की स्वीकृति

## इंजीनियरिंग शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पावरग्रिड और पीईसी के बीच 17 करोड़ का समझौता

कैप्टन सुभाष चंद्र

चंडीगढ़–पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड) ने 06 जून, 2025 को पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), चंडीगढ़ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता पॉवरग्रिड के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत पेक में पॉवरग्रिड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए हुआ। यह अवसर बेहद गरिमामयी था, जिसमें पॉवरग्रिड की ओर से श्री तरुण बजाज, कार्यकारी निदेशक (उत्तरी क्षेत्र–द्धद्ध) और पेक की ओर से प्रो. राजेश कुमार भाटिया, निदेशक ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा (आईएएस), पॉवरग्रिड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री आर. के. त्यागी, शिक्षा सचिव सुश्री प्रेरणा पुरी (आईएएस), और अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। इस अवसर पर पॉवरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारी श्री विक्रम सिंह भल (कार्यकारी निदेशक – कोऑर्डिनेटर सीएमजी), श्री जसबीर सिंह (कार्यकारी निदेशक – सीएसआर), श्री रुबिंदरजीत सिंह बरार (निदेशक, तकनीकी शिक्षा, चंडीगढ़ प्रशासन), साथ ही पेक के डीन, विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ फैकल्टी और तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पेक इंजीनियरिंग जैसे तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्राप्त कर सकें। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में पॉवरग्रिड ने इस पहल को सहर्ष स्वीकार किया और पॉवरग्रिड सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना में सहायता देने के लिए आगे आया। करीब 17 करोड़ 19 लाख 26 हजार रुपये (?17,19,26,000/–) की अनुमानित लागत से स्थापित होने वाला यह केंद्र छात्रों के लिए सीखने के नए द्वार खोलेगा। इससे रिसर्च स्कॉलर्स और फैकल्टी को पावर और एनर्जी सेक्टर में अनुसंधान को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। यह सुविधा विशेष रूप से पेक के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम को और अधिक व्यावहारिक व औद्योगिक प्रासंगिकता देने के लिए तैयार की गई है। इसमें न्यूमेरिकल रिले, फेज़र मेजरमेंट यूनिट्स (पीएमयू), इन्वर्टर, साइबर सुरक्षा, ई–मोबिलिटी, कंट्रोलर लैब जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी, जो रियल–टाइम सिमुलेशन के माध्यम से प्रशिक्षण व प्रदर्शन में मदद करेंगी। इस अवसर पर पेक के निदेशक ने पॉवरग्रिड का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सीएसआर पहल छात्रों और शोधकर्ताओं को अत्यंत लाभान्वित करेगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित POWERGRID के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (ष्टरूष्ठ) श्री आर. के. त्यागी ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुए PEC के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव को साझा किया। उन्होंने वन ग्रिड, वन नेशन, वन फ्रिक्वेंसी की अवधारणा पर ज़ोर दिया – देश के एक छोर से दूसरे छोर तक सभी ग्रिड्स का समन्वय के साथ संचालन। उन्होंने कहा, CSR के तहत यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस हमारी ओर से एक छोटा–सा योगदान है। मुख्य अतिथि श्री राजीव वर्मा मुख्य सचिव, चंडीगढ़ ने POWERGRID और PEC के इस प्रयास की सराहना की, जो लोगों को सशक्त बनाकर पूरे क्षेत्र को रूपांतरित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि यह उत्कृष्टता केंद्र उन्नत अनुसंधान और नवाचार का एक प्रकाशस्तंभ बनेगा। यह केंद्र स्नातक (G), स्नातकोत्तर (PG) और शोधार्थियों (PhD) को अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा। यह पावर और ऊर्जा क्षेत्रों को विकसित भारत, उर्जा सुरक्षा और शून्य उत्सर्जन राष्ट्र की दिशा में गति देगा। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पॉवरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम है, जिसका उत्तरी क्षेत्र–II का मुख्यालय जम्मू में स्थित है। पॉवरग्रिड, अंतर–राज्यीय विद्युत ट्रांसमिशन में संलग्न है और इसके पास 1,80,239 सर्किट किलोमीटर की ट्रांसमिशन लाइन, 283 सबस्टेशन और 5,64,961 MVA से अधिक की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता है। अत्याधुनिक तकनीक और डिजिटल समाधानों के उपयोग से पॉवरग्रिड ने >99त्न ट्रांसमिशन सिस्टम उपलब्धता बनाए रखी है, जो कि एक उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचायक है। उत्तरी क्षेत्र–II में पॉवरग्रिड की ट्रांसमिशन प्रणाली पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा के कुछ हिस्सों, और केंद्र शासित प्रदेशों चंडीगढ़, लद्दाख, एवं जम्मू–कश्मीर में फैली हुई है।

# मुख्य मंत्री ने समाना पहुंचकर पीड़ित परिवारों के साथ दुख साझा किया

## परिवारों को हर हाल में इंसाफ मिलेगा, अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की घोषणा

रमन कुमार

समाना (पटियाला), –पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने एक भयानक सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 7 बच्चों के पीड़ित माता–पिता को आज इंसाफ दिलाने का भरोसा दिया। साथ ही, उन्होंने जांच में बाधा डालने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की घोषणा की। पीड़ित परिवारों के साथ दुख साझा करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना में होनहार छात्र हमसे बिछड़ गए। उन्होंने इस हादसे को अपूरणीय क्षति बताते हुए गहरा दुख व्यक्त किया। भगवंत सिंह मान ने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार दुखी परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और इंसाफ दिलाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। मुख्य मंत्री ने दृढ़ता से कहा कि इस दिल दहलाने वाले हादसे के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा और



उनके खिलाफ नजीर बनने वाली कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केस को लटकाने या इंसाफ में रुकावट डालने की कोशिश करने वाले, चाहे वे कितने ही प्रभावशाली क्यों न हों, उन्हें सजा का सामना करना पड़ेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसा करना घृणित अपराध है और दोषियों को सजा मिलने से दूसरों को सबक मिलेगा। इस दौरान मुख्य मंत्री ने घोषणा की कि राज्य सरकार अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और परिवहन विभागों को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। भगवंत सिंह मान ने इन अपराधों को अक्षम्य बताते हुए कहा कि सरकार किसी को भी आम लोगों की जान को खतरे में डालने की इजाजत नहीं देगी। हादसे में बिछड़े लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्य मंत्री ने मृतक बच्चों की स्मृति में एक पार्क बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह स्मारक दुखद हादसे के पीड़ित छात्रों के प्रति श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावा, भगवंत सिंह मान ने घोषणा की कि समाना से पातड़ां तक की मौजूदा सड़क को चार–लेन सड़क के रूप में उन्नत किया जाएगा। मुख्य मंत्री ने कहा कि इस सड़क पर भारी यातायात के कारण अक्सर हादसे होते हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा के लिए यहां के बुनियादी ढांचे को उन्नत करना जरूरी हो जाता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि समाना के सरकारी अस्पताल को उन्नत किया जाएगा और इसे अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे से लैस किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने के लिए क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में सात नई एम्बुलेंस शामिल की जाएंगी।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद सुशील रिंकू के जन्मदिन पर केक काटकर लोगों ने दी बधाई

## श्री गुरु रविदास एजुकेशनल एंड कल्चरल सैंटर के सदस्यों ने रिंकू के घर पहुंचकर काटा केक

मनदीप कौर

जालंधर, पंजाब भाजपा के वरिष्ठ नेता और जालंधर के पूर्व सांसद सुशील रिंकू के जन्मदिन पर आज शहर के राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने बधाई दी। जन्मिदन के मौके पर सुशील रिंकू ने मंदिर में मत्था टेका और अरदास किया। जन्मदिन के मौके पर भाजपा समेत राजनीतिक दलों के नेताओं ने रिंकू को बधाई दी। श्री गुरु रविदास एजुकेशनल एंड कल्चरल सैंटर के सदस्यों ने केक काट कर सुशील रिंकू का जन्मदिन मनाया। इस दौरान सदस्यों ने सुशील रिंकू को सम्मानित किया और जन्मदिन की बधाई दी। श्री गुरु रविदास एजुकेशनल एंड कल्चरल सैंटर के अमर प्रधान, तरमेस



प्रधान, ओम प्रकाश, भजनलाल, मदन जालंधरी, सुखदेव थापा, मंगाराम सारंगल, प्रताप सारंगल, करतार सारंगल, कैप्टन दयाराम ने रिंकू बधाई देते हुए कहा कि सुशील रिंकू सच्चे जन सेवक की तरह लोगों की सेवा करते हैं, ईश्वर से प्रार्थना है रिंकू जी हमेशा स्वस्थ्य रहें और लोगों की सेवा करते रहे हैं।

# केवीआईसी ने पीएमईजीपी के अंतर्गत 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की

मनदीप कौर

नई दिल्ली–खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की गई। यह संवितरण करीब 884 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन केवीआईसी से सम्पन्न हुआ, जिसमें केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि के साथ ही केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संवितरण कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने एक बयान में कहा, फ्रप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में पीएमईजीपी योजना ने आज भारत में स्व–रोजगार का एक



मजबूत और प्रभावी आधार तैयार किया है। खादी और ग्रामोद्योग आज केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के सपनों का सार है। इस योजना ने लाखों युवाओं को न केवल रोजगार दिया है, बल्कि उन्हें उद्यमशीलता की शक्ति से भी जोड़ा है। इस संवितरण में देश के सभी छह जोन की भागीदारी रही। दक्षिण क्षेत्र के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी के लिए 2445 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, जिसके लिए 80.26 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। मध्य जोन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड की 2366 परियोजनाओं के लिए 91.13 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। पूर्वी भारत में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व अंडमान निकोबार और पूर्वोत्तर के असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए कुल 2167 परियोजनाओं को करीब 62.68 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई। उत्तर क्षेत्र के हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान की 1320 परियोजनाओं के लिए 41.80 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई। वहीं पश्चिम क्षेत्र के गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा में 496 परियोजनाओं को 24.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस तरह देशभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को सशक्त बनाने के लिए यह एक व्यापक और प्रभावी अभियान सिद्ध हुआ। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जब से शुरू हुआ है तब से लेकर वित्त वर्ष 2024–25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का स्तंभ बन चुकी है। योजना के अंतर्गत अब तक कुल 10,18,185 सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना की जा चुकी है, जिनके लिए भारत सरकार द्वारा 73,348.39 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। इसके बदले लाभार्थियों को 27,166.07 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से अब तक देशभर में 90,04,541 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है, जो इसे देश की सबसे प्रभावी स्वरोजगार योजनाओं में से एक बनाता है।

# राज्यसभा सांसद संत सीचेवाल ने काला संघिया ड्रेन को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

## प्रदूषण को रोकने के लिए समन्वित कार्रवाई, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की नियमित निगरानी और औद्योगिक निरीक्षण सुनिश्चित करने का आह्वान किया

मनदीप कौर

जालंधर, –राज्यसभा सांसद और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने आज विभिन्न विभागों के अधिकारियों को काला संघिया ड्रेन को प्रदूषित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ड्रेन को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संत सीचेवाल ने नगर निगम जालंधर, पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड (पीपीसीबी) और सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों से नाले में सीवरेज के सीधे प्रवाह को रोकने के लिए समन्वित रणनीति अपनाने का आग्रह किया। राज्यसभा सांसद ने जोर देकर कहा कि ड्रेन को प्रदूषित करने वाले व्यक्तियों या उद्योगों के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की जाएगी। नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण किया जाना चाहिए।



उन्होंने जालंधर नगर निगम और पीपीसीबी को उचित स्लज प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के संचालन पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया और पर्यावरण मानदंडों का पालन नहीं करने वाले ऑपरेटरों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी। औद्योगिक इकाइयों की सख्त निगरानी की आवश्यकता पर बल देते हुए, संत सीचेवाल ने अधिकारियों को औद्योगिक निर्वहन प्वाइंट्स की निगरानी करने और प्रदूषण कंट्रोल दिशा–निर्देशों का उल्लंघन करने वालों को दंडित करने का निर्देश दिया। एक महत्वपूर्ण कदम में, उन्होंने जमशेर डेयरी कॉम्प्लेक्स में एक जल उपचार संयंत्र को चालू करने के लिए भी कहा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि डेयरियों से केवल उपचारित पानी ही ड्रेन में जाए। इसके अलावा, राज्यसभा सदस्य ने वरियाना में जैव–खनन परियोजना की प्रगति और जमशेर में बायोगैस संयंत्र के प्रस्ताव की समीक्षा की, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के पर्यावरण में सुधार करना है। उन्होंने जालंधर नगर निगम को दिशा–निर्देशों के अनुसार पानी की आपूर्ति करने का निर्देश दिया क्योंकि अतिरिक्त पानी की आपूर्ति एसटीपी और ड्रेन के कामकाज में बाधा डाल सकती है। संत सीचेवाल के निर्देश जालंधर में स्थायी अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए एक नई पहल का प्रतीक हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर(ग्रामीण विकास) बुद्धिराज सिंह, जिला राजस्व अधिकारी नवदीप भोगल तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पंजाब में केंद्रीय पूल के तहत 173.41 एलएमटी धान और 119 एलएमटी गेहूं की खरीद की गई

एसके सक्सैना

चंडीगढ़, खरीफ विपणन सीजन (केएमएस) 2024–25 के दौरान, पंजाब राज्य में केंद्रीय पूल के तहत 173.41 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) धान की खरीद की गई है। यह लगभग 117 एलएमटी चावल के बराबर है। इसमें से लगभग 92 एलएमटी चावल पहले ही 05.06.2025 तक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को वितरित किया जा चुका है। वर्तमान में, चावल औसतन 0.5 रूञ्ज प्रति दिन की दर से स्वीकार किया जा रहा है, और उम्मीद है कि जून 2025 के अंत तक लगभग 15 रूञ्ज स्वीकार किया जाएगा। नतीजतन, शेष 10 रूञ्ज जुलाई 2025 के अंत तक वितरित होने की उम्मीद है। स्टॉक प्रबंधन की सुविधा के लिए, स्नष्ट्ढ ने क्रमश: अप्रैल और मई 2025 में 15 रूञ्ज और 23 रूञ्ज खाद्यान्न बाहर निकाला है। इसके अतिरिक्त, जून 2025 के लिए 29 रूञ्ज (जिसमें 14 रूञ्ज और 15 रूञ्ज चावल शामिल हैं) की आवाजाही की योजना निर्धारित की गई है। इस सीज़न के दौरान चावल की स्वीकृति की तैयारी में, स्नष्ट्ढ ने राज्य एजेंसियों से लगभग 20 रूञ्ज कवर्ड स्टोरेज स्पेस भी किराए पर लिया है। यह स्थान, जो पहले गेहूं भंडारण के लिए उपयोग किया जाता था, चावल की खरीद और भंडारण आवश्यकताओं का समर्थन करने के लिए पुन- उपयोग किया जा रहा है। इसी तरह, रबी विपणन सीजन (आरएमएस) 2025–26 के दौरान, पंजाब में केंद्रीय पूल के तहत बिना किसी व्यवधान के 119 एलएमटी गेहूं की खरीद की गई है और पूरी मात्रा मंडियों से उठा ली गई है। एफसीआई ने मई 2025 के अंत तक पहले ही 17 एलएमटी गेहूं भेज दिया है और जून 2025 के लिए अतिरिक्त 15 एलएमटी की योजना बनाई गई है। भारत सरकार और एफसीआई मौजूदा गेहूं और चावल के स्टॉक का उचित समायोजन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक और ठोस प्रयास कर रहे हैं। चल रहे खाद्यान्न आंदोलन के अलावा, पंजाब में कवर भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। भारत सरकार ने पहले ही 60 एलएमटी की नई कवर्ड (ढका हुआ) भंडारण क्षमता के निर्माण को मंजूरी दे दी है, जिसका निर्माण आने वाले वर्षों में किया जाएगा। इन व्यापक उपायों का उद्देश्य वर्तमान और आगामी सीजन में पंजाब में सुचारू खरीद और भंडारण संचालन सुनिश्चित करना है।

पढ़ें भारत हर ख़बर सच के साथ
आज तक आमने-सामने
पंजाब, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली एवं हरियाणा
Email : aajtakaamnesaamne.in@gmail.com
RNI No-Punhin2013/54688





# हलका चब्बेवाल में नशे के खिलाफ अभियान तहत संत-महापुरुषों की हाजिरी में की अरदास

## लोकसभा मैंबर डॉ. चब्बेवाल व विधायक इशांक कुमार ने नशे के खिलाफ किया लोगों को लामबंद

मनदीप कौर

हुशियारपुर, आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए नशे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान की सफलता के लिए संतों व महांपुरूषों का आशीर्वाद लेने के लिए चब्बेवाल विधानसभा हलके के गांव बाहोवाल स्थित गुरुद्वारा बणां साहिब में सुखमनी साहिब का पाठ करवाया गया और प्रमात्मा के आगे अरदास की गई। इस दौरान चब्बेवाल विधानसभा हलके सहित जिले के अन्य हिस्सों से संत व महापुरुष पहुंचे, वहीं होशियारपुर से लोकसभा सदस्य डॉ. राज कुमार चब्बेवाल व चब्बेवाल विधानसभा हलके से विधायक डॉ. इशांक कुमार ने विशेष रूप से शिरकत कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस समय अपने संबोधन में डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने कहा कि समाज में नशे की बुराई को खत्म करने के लिए राज्य सरकार पूरी गंभीरता के साथ कदम उठा रही है, जिसके परिणाम सामने आने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां बड़े नशा तस्करों को जेलों में डाला गया है, वहीं नशे की लत में फसे युवाओं को सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में दाखिल करवाकर उनका इलाज करवाया जा रहा है। डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने कहा कि समाज की भलाई में धर्म ने हमेशा ही सकारात्मक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जहां संत-महांपुरूष लोगों को गुरु के साथ जोड़ते रहे हैं, वहीं संतों ने लोगों को नशे जैसी बुराइयों से बचाने में भी बड़ा योगदान दिया है। डॉ. चब्बेवाल ने कहा कि राज्य से नशे के खात्मे के लिए मुखयमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर पंजाब पुलिस द्वारा ग्रिफतार किए गए नशा तस्करों की कुल संखया 15,861 तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि 101 गजटिड अधिकारियों की निगरानी में 1500 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 200 से अधिक पुलिस टीमें पूरे राज्य में छापेमारी कर रही हैं। डॉ. राज कुमार चब्बेवाल ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि डॉ. इशांक कुमार के नेतृत्व में चब्बेवाल हलके को नशा मुक्त बनाने का हमारा सपना जल्द ही पूरा होगा। इस अवसर पर विधायक डॉ. इशांक कुमार चब्बेवाल ने कहा कि हलके के विकास के साथ-साथ चब्बेवाल से नशे को खत्म करना हमारा मुखय लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां नशा तस्करों के खिलाफ सखत कार्रवाई जारी रहेगी, वहीं इस नशे के शिकार लोगों के इलाज में भी हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने हलके के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अगर उनका कोई दोस्त या रिश्तेदार नशे की इस दलदल में फंसा है तो उसे इससे बाहर निकालने में मदद करें और जहां भी हमारी जरूरत हो, हमें बताएं ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके। डॉ. इशांक कुमार ने कहा कि जब परिवार का एक भी सदस्य नशे की दलदल में फंस जाता है तो वह अपने पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाता है, इसलिए हर परिवार के हर सदस्य को दूसरों का खयाल रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे उन सभी संतों और महापुरुषों के बहुत आभारी हैं जिन्होंने नशे के खिलाफ शुरू की गई इस मुहिम में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

# सोर्स सेगरीगेशन की ओर बड़ा कदम- 9 जून से शहर के पांच वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट

## डिप्टी कमिश्नर के नेतृत्व में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए शुरु की गई पहल, वार्ड नंबर 8,9,10,11 और 12 में शुरु होगा प्रोजेक्ट

एसके सक्सैना



होशियारपुर, : डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सोर्स सेगरीगेशन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 9 जून से पांच वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। वे आज अपने कार्यालय में इस प्रोजेक्ट संबंधी अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से होशियारपुर प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस परियोजना के तहत वार्ड नंबर 8, 9, 10, 11 और 12 में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन किया जाएगा। सभी घरों से गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग नगर निगम की विशेष गाड़ियों द्वारा इकट्ठा किया जाएगा और उसे सीधे डंपिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाएगा। इस पहल से इलाके में कूड़े के ढेर लगने की समस्या समाप्त होगी और डी.ए.वी. कॉलेज के सामने स्थित डंप शेड पर भी कूड़ा एकत्र नहीं होगा। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत डी.ए.वी. कॉलेज के सामने स्थित डंपिंग शेड को हटाकर वहां सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने वार्ड निवासियों से प्रोजेक्ट को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई व्यक्ति खुले में कूड़ा फेंकता है या गीला और सूखा कूड़ा अलग करके नगर निगम को नहीं देता तो उसका चालान किया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि इस सफाई अभियान में सोनालिका उद्योग समूह और श्री कृष्णा इंफा सर्विसेज का सहयोग भी मिल रहा है। इन वार्डों में 50 कूड़ा रेहड़ियां और टाटा एस वाहन लगाए गए हैं ताकि सोर्स सेगरीगेशन को सफलतापूर्वक लागू किया जा सके और इसे पूरे होशियारपुर में विस्तारित किया जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, यह हर नागरिक का कर्तव्य है। हम सब मिलकर होशियारपुर को स्वच्छ, सुंदर और एक आदर्श शहर बना सकते हैं। आइए, इस अभियान में सहभागी बनें और एक सकारात्मक परिवर्तन की ओर कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर डॉ. अमनदीप कौर, संयुक्त कमिश्नर संदीप तिवाड़ी, सोनालिका उद्योग से रजनीश संदल, श्री कृष्णा इंफा से अनिल महाजन सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभार्थियों के लिए 16.36 करोड़ जारी-डॉ. बलजीत कौर

## आशीर्वाद योजना के तहत 18 जिलों के 3207 लाभार्थियों को मिलेगा लाभ, कहा, राज्य सरकार द्वारा आशीर्वाद योजना के तहत 51000 रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाती है

रमन कुमार



चंडीगढ़, – सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य की मान सरकार द्वारा राज्यवासियों को बड़ी राहत देते हुए आशीर्वाद योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के 3207 लाभार्थियों को 16.36 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आशीर्वाद योजना के तहत जिला बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, श्री फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला, मानसा, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, पठानकोट, एस.ए.एस. नगर, संगरूर, मलेरकोटला और तरनतारन के पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के कुल 3207 लाभार्थियों के आवेदन चालू वर्ष के दौरान आशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त हुए थे। इन 3207 लाभार्थियों को कवर करने के लिए 16.36 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है। सामाजिक न्याय मंत्री ने बताया कि इस राशि से जिला बरनाला के 94, बठिंडा के 219, फरीदकोट के 80, फतेहगढ़ साहिब के 41, फाजिल्का के 137, गुरदासपुर के 135, होशियारपुर के 602, जालंधर के 123, कपूरथला के 27 लाभार्थियों को वित्तीय लाभ दिया गया है। इसी तरह जिला मानसा के 254, मोगा के 64, श्री मुक्तसर साहिब के 43, पटियाला के 616, पठानकोट के 127, एस.ए.एस. नगर के 200, संगरूर के 288, मलेरकोटला के 16 और जिला तरनतारन के 141 लाभार्थियों को भी लाभ दिया गया है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि आशीर्वाद योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा राज्य में कम आय वाले परिवारों से संबंधित लड़कियों के विवाह के लिए 51,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि आशीर्वाद योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक पंजाब राज्य का स्थायी नागरिक हो, उसका परिवार गरीबी रेखा से नीचे का हो, आवेदक अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्गों और अन्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंधित हो और परिवार की सभी साधनों से वार्षिक आय 32,790 रुपये से कम हो, ऐसे परिवारों की दो बेटियां इस योजना का लाभ लेने के योग्य हैं। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि वित्तीय सहायता का भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार हर वर्ग के लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने और उन्हें आर्थिक रूप से और मजबूत करने के लिए तेजी से काम कर रही है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार जहां अन्य वर्गों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है, वहीं अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों की भलाई के लिए भी लगातार काम कर रही है।

# अमृतसर में अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़; छह विदेशी पिस्तौल सहित तीन गिरफ्तार

## अपने वकील के मुंशी राजन के जरिए जेल में से रैकेट चला रहा था सरगना जुगराज सिंह-डीजीपी गौरव यादव

पंकज



चंडीगढ़/अमृतसर, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर, पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत, अवैध हथियार तस्करी नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ी सफलता दर्ज की गई है। एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ए.एन.टी.एफ.) बॉर्डर रेंज अमृतसर ने जेल में बंद सरगना जुगराज सिंह के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से छह आधुनिक विदेशी हथियार बरामद किए हैं। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने शनिवार को यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अमृतसर के भगतांवाला गेट निवासी राजन, अमृतसर के घन्नूपुर के हीर हाल निवासी परमजीत सिंह, और अमृतसर के नारायणगढ़ निवासी दिनेश कुमार के रूप में हुई है। बरामद किए गए हथियारों में दो ग्लॉक 19एक्स पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), दो .30 बोर पिस्तौल (इटली निर्मित), एक .30 बोर स्टार मार्क पिस्तौल और एक बरेटा .30 बोर पिस्तौल (इटली निर्मित) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीमों ने उनका बिना नंबर प्लेट वाला यामाहा आर15 मोटरसाइकिल और बिना नंबर प्लेट वाला होंडा ग्रेनिया स्कूटर भी जब्त किया है, जिसका उपयोग वे खेप पहुंचाने के लिए कर रहे थे। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए आरोपी अमृतसर के गांव मोड के जुगराज सिंह के निर्देश पर काम कर रहे थे, जो इस समय श्री गोइंदवाल साहिब की केंद्रीय जेल में बंद है। जुगराज सिंह अपने वकील के मुंशी राजन के माध्यम से जेल के अंदर से ही धड़ल्ले से तस्करी रैकेट चला रहा था। उन्होंने कहा कि सरगना जुगराज सिंह, जिसके खिलाफ एनडीपीएस और शस्त्र अधिनियम के तहत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जेल के अंदर से ही पाकिस्तानी नशा तस्करों के संपर्क में था। डीजीपी ने कहा कि ये हथियार सीमा पार तस्करी के जरिए लाए गए थे और पंजाब में विभिन्न आपराधिक तत्वों को इनकी आपूर्ति की जाने की संभावना थी। उन्होंने आगे कहा कि इस मामले में आगे और पीछे के संबंधों को स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है। ऑपरेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए, ए.एन.टी.एफ. के ए.डी.जी.पी. नीलाभ किशोर ने बताया कि बॉर्डर रेंज अमृतसर की टीम को उनके जेल में बंद हैंडलर जुगराज सिंह के निर्देश पर हथियार प्राप्त करने में उक्त तीनों आरोपियों की संलिप्तता के बारे में विश्वसनीय जानकारी मिली थी। मिली सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, ए.एन.टी.एफ. बॉर्डर रेंज अमृतसर के पुलिस अधीक्षक गुरप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीमों ने एक खुफिया अभियान के तहत अमृतसर के खालसा कॉलेज के सामने से आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियारों की खेप बरामद की। ए.डी.जी.पी. ने कहा कि इस मामले की आगे जांच करने और इस तस्करी रैकेट में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान करने के लिए पुलिस टीमों द्वारा दोषी जुगराज सिंह को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाया जाएगा। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है। इस संबंध में 6 जून, 2025 को शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत पुलिस स्टेशन ए.एन.टी.एफ., एस.ए.एस. नगर में केस एफ.आई.आर. नंबर 152 दर्ज किया गया है।

# सेल ने दुर्गापुर में डिफेंस कस्टमर कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन किया

एसके सक्सैना

नई दिल्ली-स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने देश के रक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कंपनी की रणनीतिक प्रतिबद्धता पर बल देते हुए, दुर्गापुर के अपने अलॉय स्टील्स प्लांट (एएसपी) में 4 जून, 2025 को सेल-डिफेंस कॉन्क्लेव – 2025 का आयोजन किया। स्वदेशीकरण परियोजनाओं के लिए विशेष रक्षा-ग्रेड स्टील के प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में, सेल ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (ष्ठक्क्स्द्व) के साथ गहन सहयोग को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओं पर चर्चा करने के लिए सम्मेलन का आयोजन किया। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भरता, स्वदेशीकरण और आयात प्रतिस्थापन के विषयों पर केंद्रित था, जो भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की पहल की ओर एक और कदम रहा। ऑर्डिनेंस ?ैक्टरिज समेत प्रमुख रक्षा प्रतिष्ठानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस कॉन्क्लेव के दौरान हुए विचार-विमर्श में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस सम्मेलन में सेल के वरिष्ठ नेतृत्व ने अपने विचार रखे, जिसमें निदेशक (वाणिज्यिक) श्री वी.एस. चक्रवर्ती और राउरकेला स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक एवं दुर्गापुर और बर्नपुर स्टील प्लांट के अतिरिक्त प्रभारी निदेशक श्री आलोक वर्मा शामिल थे। इस सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा में, मैटेरियल स्पेसिफिकेशन में बेहतर तालमेल, स्वदेशी प्रौद्योगिकी अपनाने और महत्वपूर्ण रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सेल की भूमिका के विस्तार की संभावनाओं पर बातचीत हुई। इस कार्यक्रम ने भारत के रक्षा विनिर्माण व्यवस्था में एक विश्वसनीय और रणनीतिक भागीदार के रूप में सेल की स्थिति की सुनिश्चित की। यही नहीं सेल ने रक्षा और सुरक्षा में देश की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सेल रक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के लिए और अधिक मात्रा में आपूर्ति करने के लिए तैयार है।

# पंजाब विधान सभा स्पीकर ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाने के सम्बन्ध में सुझाव प्राप्त करने के लिए प्रोफैसरों और पंजाबी अदाकारों के साथ मीटिंग की

कैप्टन सुभाष चंद्र



चंडीगढ़, पंजाब विधान सभा स्पीकर स. कुलतार सिंह संधवां ने श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस मनाने सम्बन्धी सुझाव प्राप्त करने के लिए प्रोफैसरों और प्रसिद्ध पंजाबी अदाकारों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के दौरान उन्होंने सुझाव और प्रस्ताव दिए, जो सिखों के नौवें गुरू श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस मनाने के लिए श्रद्धा भावना का प्रतीक और श्रद्धा का प्रगटावा हैं। गुरू साहिब ने धार्मिक आजादी, बहुलवाद और मानवीय गरिमा के लिए अद्वितीय शहादत दी जो वैश्विक दुनिया के लोगों को प्रेरित करती रहेगी।विचार-विमर्श के दौरान, उन्होंने सलाह दी कि ''श्री गुरु ते? बहादुर जी सम्बन्धी 350वां शहीदी दिवस- मानवता की ढाल'' है और इस समारोह का उद्देश्य विश्व स्तर पर गुरू जी की गौरवमयी विरासत को सांझा करने हेतु सांस्कृतिक संरक्षण, इमर्सिव प्रौद्योगिकियों और भाईचारे को और नजदीक लाना है। गुरू जी के बलिदान को दर्शाती यह श्रद्धापूर्वक पहलकदमी अंतरराष्ट्रीय समागमों में होनी चाहिए जिससे गुरू जी द्वारा दिया दया, बलिदान और अंतरधार्मिक सदभावना का संदेश शाश्वत प्रकाशस्तंभ के तौर पर लोगों का मार्गदर्शन करता रहे। इसके इलावा, प्रोफैसरों ने सुझाव दिया कि कि गुरू जी के संदेश को वर्चुअल अजायब घर, वर्चुअल रियलटी, संगीत, फिल्मों और विविधतापूर्ण भाषण जैसे नवीन फारमैटों के द्वारा विश्व स्तर पर प्रसारित करने के साथ-साथ गुरू जी से सम्बन्धित ऐतिहासिक स्थानों, कलाओं और साहित्य को सुरक्षित और डिजिटल रूप में संग्रहित करने के साथ-साथ एक स्थायी शैक्षिक और सांस्कृतिक संसाधन प्रोग्राम की सृजना की जाये जो दुनिया भर के लिए सुलभ हो। यहाँ यह बताना उचित है कि उनके शहीदी शताब्दी समागम में धार्मिक बहुलवाद का वर्चुअल अजायब घर, एआई और बहुभाषी वृतांत का प्रयोग करते हुए इंटरऐक्टिव 3डी वॉकथ्रू, गुरू जी की यात्राओं, उनके संवादों, शहीदी और विरासत से संबंधित दृश्य और क्यू आर कोड़ और डिजिटल कहानी सुनाने वाले फारमैटों को शामिल किया जाना चाहिए। इसके इलावा, गुरू जी की शहीदी के बेमिसाल सफर पर छोटी ऐनीमेटड फिल्में और वीआर दस्तावेजी फिल्में जैसी कलात्मक कृतियां बनाने की जरूरत है।

उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शब्द और राग श्रृंखला बनाई जानी चाहिए और इसको डिजिटल प्लेटफार्मों पर रिलीज किया जाना चाहिए और लाइव संगीत समारोह आयोजित किये जाने चाहिए। गुरू जी के बहुलवाद में योगदान पर अंतरराष्ट्रीय सिम्पो?ियम के साथ ग्लोबल कान्?ैसों और आउटरीच पर ?ोर दिया जाना चाहिए। इसके इलावा, यूनेस्को, हारवर्ड और सिख खोज संस्थाओं के साथ सहयोग करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने ''श्री गुरु ते? बहादुर- द सेंट आफ अदरनैस'' शीर्षक वाली यह पुस्तक एक त्रिभाषी ( पंजाबी- हिंदी- अंग्रे?ी) उच्च-डि?ाइन प्रकाशन बनाने का सुझाव भी दिया, जो गुरू जी के जीवन, दर्शन को पेश करेगी। और जानकारी देते हुए, उन्होंने कहा कि अपनी किस्म की पहली इंटरऐकटिव किताब सिर्फ़ एक दस्तावे? नहीं होगी, बल्कि यह श्री गुरु ते? बहादुर जी के आध्यात्मिक, नैतिक और अतुल शहादत का एक जीवंत पोर्टल होगी। इसका उद्देश्य विश्वव्यापी शैक्षिक संस्थाओं, अजायब घरों और पुस्तकालयों के लिए एक शाश्वत संसाधन की पेशकश करना है और डिजिटल यादगारी बुनियादी ढांचे (अजायब घर, संगीत समारोह और भाषण) के नींव पत्थर के तौर पर काम करना है। स्पीकर ने उजागर किया कि यह विलक्षण और एकीकृत प्रस्ताव श्री गुरु ते? बहादुर जी को न सिर्फ़ एक धर्म के रक्षक, बल्कि सभी धर्मों के शाश्वत रक्षक, और उनकी विनम्रता और शहादत के प्रति अपनी श्रद्धा को ?ाहिर करने की छोटी सी कोशिश मात्र है। यह स्मरण दुनिया को एक संदेश है- गुरू जी को सिर्फ़ श्रद्धा के साथ ही नहीं, बल्कि अपने कर्मों में याद रखो। मीटिंग में प्रसिद्ध पंजाबी अदाकार एमी विर्क, प्रो?ैसर अमरजीत सिंह ग्रेवाल और प्रो?ैसर गुरविन्दर सिंह बावा और एनआरआई भाईचारे से रमनदीप सिंह खट?ा मौजूद थे।



# प्रधानमंत्री ने चिनाब रेल पुल के निर्माण से जुड़े लोगों के साथ परस्पर बातचीत की

## राष्ट्र के लिए आधुनिक अवसंरचना के निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की

रमन कुमार

नई दिल्ली–प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज चिनाब रेल पुल के निर्माण से जुड़े कुछ लोगों के साथ परस्पर बातचीत की। श्री मोदी ने राष्ट्र के लिए आधुनिक अवसंरचना के निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया; चिनाब रेल पुल के निर्माण से जुड़े कुछ लोगों के साथ परस्पर बातचीत की। वे भारत के विभिन्न हिस्सों के रहने वाले हैं और देशवासियों के लिए आधुनिक अवसंरचना के निर्माण के अपने संकल्प में अडिग हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए, जिसमें बहुत चुनौतीपूर्ण समय में काम करना भी शामिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके परिवार उनके द्वारा किए गए काम पर कितना गर्व करते हैं! भारत ने जिनेवा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण वित्तपोषण पर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में ठोस, समयबद्ध परिणामों और प्रौद्योगिकी सहायता तथा ज्ञान विनिमय के साथ उत्प्रेरक वित्त पोषण के लिए एक वैश्विक प्रतिष्ठान के निर्माण का आह्वान किया है भारत की आपदा जोखिम न्यूनकरण वित्तपोषण प्रणाली दुनिया के सबसे बड़े राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख व्यवस्थाओं में से एक बन गई है- डॉ पी के मिश्रा भारत का सुगमता की आधारशिला के रूप में एक मजबूत और उत्तरदायी आपदा जोखिम न्यूनकरण वित्तपोषण वास्तुकला में विश्वास है- डॉ पी के मिश्रा आपदा जोखिम न्यूनीकरण वित्तपोषण राष्ट्रीय स्तर पर स्वामित्व वाला और संचालित होना चाहिए, जिसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पूरा किया जाना चाहिए- डॉ. पी. के. मिश्रा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने 04 जून, 2025 को जिनेवा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) वित्तपोषण पर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने इस महत्वपूर्ण चर्चा के आयोजन के लिए यूएनडीआरआर और उसके सहयोगियों की सराहना की। भारत ने अपनी जी–20 की अध्यक्षता के माध्यम से वैश्विक संवाद जारी रखने में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के योगदान को भी मान्यता दी है। डॉ. मिश्रा ने रेखांकित किया कि डीआरआर वित्तपोषण एक गौण मुद्दा नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रणालियों के प्रभावी कामकाज और बढ़ती जलवायु तथा आपदा जोखिमों के सामने विकास लाभ की सुरक्षा के लिए प्रमुख है। उन्होंने भारत के इस विश्वास की पुष्टि की कि एक मजबूत और उत्तरदायी डीआरआर वित्तपोषण ढांचा सुगमता की आधारशिला है। डॉ. मिश्रा ने डीआरआर वित्तपोषण में भारत की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रारंभिक वित्त आयोगों द्वारा प्रारंभिक आवंटन 60 मिलियन रुपये (लगभग 0.7 मिलियन अमरीकी डॉलर) था। आज, 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत संचयी परिव्यय 2.32 ट्रिलियन रुपये (लगभग 28 बिलियन अमरीकी डॉलर) से अधिक है। डॉ. मिश्रा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 द्वारा समर्थित राष्ट्रीय से राज्य और जिला स्तरों पर प्रवाहित पूर्व–निर्धारित, नियम–आधारित आवंटन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन ने सुनिश्चित किया कि आपदा वित्तपोषण प्रतिक्रियात्मक के बजाय संरचित और अनुमानित है।

श्री मिश्रा ने चार प्रमुख सिद्धांतों पर निर्मित भारत के डीआरआर वित्तपोषण दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि पहला, तैयारी, शमन, राहत और वसूली के लिए समर्पित वित्तीय खिड़कियां है। दूसरा, प्रभावित लोगों और कमजोर समुदायों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना। तीसरा, सभी सरकारी स्तरों – केंद्रीय, राज्य और स्थानीय पर वित्तीय संसाधनों की पहुंच। चौथा सिद्धांत उत्तरदायित्व, पारदर्शिता और सभी खर्चों का मार्गदर्शन करने वाले मापने योग्य परिणाम हैं।


डॉ. मिश्रा ने बल देकर कहा कि आपदा जोखिम वित्तपोषण राष्ट्रीय स्वामित्व और संचालित होना चाहिए, जो अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा पूरक हो। जबकि प्रत्येक देश को अपनी प्रणाली को अपने शासन ढांचे, राजकोषीय संदर्भ और जोखिम प्रोफाइल के अनुरूप बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक बेंचमार्क और मार्गदर्शन आवश्यक हैं।

सार्वजनिक वित्त से परे विविध वित्तीय साधनों की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि जोखिम पूलिंग, बीमा और अभिनव वित्तीय साधनों जैसी प्रणालियों को स्थानीय सामर्थ्य और राजकोषीय स्थिरता के साथ मेलजोल में विकसित किया जाना चाहिए। डॉ. मिश्रा ने वैश्विक स्तर पर एक महत्वपूर्ण अंतर की पहचान की- डीआरआर वित्तपोषण प्रणालियों की स्थापना और मजबूती का समर्थन करने के लिए एक समर्पित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था की अनुपस्थिति। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र प्रणाली और बहुपक्षीय वित्तीय संस्थानों द्वारा समर्थित एक वैश्विक सुविधा के निर्माण का आह्वान किया, ताकि उत्प्रेरक धन, तकनीकी सहायता और ज्ञान के आदान–प्रदान के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। भारत ने मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन से आग्रह किया कि वे आशय के बयानों से आगे बढ़कर ठोस, समयबद्ध परिणामों की ओर बढ़ें। डॉ. मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर संचालित तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित डीआरआर वित्तपोषण ढांचे के विकास में नेतृत्व और सहयोग के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# हरियाणा के करनाल में अवैध दूरसंचार संचालन का भंडाफोड़

एसके सक्सैना

नई दिल्ली–दूरसंचार विभाग ने हरियाणा पुलिस और दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के साथ मिलकर 4 जून 2025 को करनाल में एक अवैध दूरसंचार प्रणाली का भंडाफोड़ किया। संयुक्त छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने अवैध रेडियो संचार उपकरण, 56 सिम कार्ड और कॉल प्रबंधन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा एक लैपटॉप जब्त किया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि ये सिम कार्ड जाली पहचान का उपयोग करके संबंधित व्यक्तियों की जानकारी या सहमति के बिना प्राप्त किए गए थे। इनका उपयोग स्वचालित रोबो–कॉल के माध्यम से आम नागरिकों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा था। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी की साइबर धोखाधड़ी में संलिप्तता की जांच की जा रही है। दूरसंचार विभाग ने हरियाणा पुलिस, विशेष रूप से श्री सिबाश कबीराज और एसपी सीआईडी श्री जितेन्द्र गहलावत के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। साथ ही विभाग ने मुख्यालय और दूरसंचार खुफिया इकाई द्वारा दिए गए सहयोग के लिए भी धन्यवाद जताया, जिनकी मदद से यह कार्रवाई सफल हो सकी।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 से संबंधित ताजा जानकारी की बढ़ती मांग से अधिकारियों को तैयार करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

रमन कुमार

नई दिल्ली–आयुष मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ मिलकर कल 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के लिए निर्बाध समन्वय और व्यापक पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में एक उच्च स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया। विभिन्न सरकारी विभागों के 400 से अधिक प्रतिभागी इसमें सम्मिलित हुए। इस सत्र का उद्देश्य भव्य योग दिवस समारोहों के संबंध में समय पर, प्रामाणिक ताजा जानकारी की बढ़ती मांग को संबोधित करना था क्योंकि इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा योग को वैश्विक मान्यता दिए जाने के बाद से ऐतिहासिक दस वर्ष की यात्रा का प्रतीक है। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कार्यशाला की अध्यक्षता की और विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के 400 से अधिक प्रतिनिधि इसमें सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम ने इस

**विभिन्न मंत्रालयो और संस्थानों के 400 से अधिक प्रतिभागी कार्यशाला में सम्मिलित हुए**

वर्ष के उत्सव की विषय वस्तु- 卐एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग卐 के प्रति केंद्र सरकार की एकीकृत प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री सी. सेंथिल राजन और आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुश्री मोनालिसा दाश सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और परिचर्चाओं का संचालन किया, तथा मीडिया रणनीति की रूपरेखा तैयार की। सचिव वैद्य कोटेचा ने अपने आरंभिक भाषण में प्रधानमंत्री के व्यापक दृष्टिकोण और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बढ़ती वैश्विक और राष्ट्रीय प्रासंगिकता पर जोर दिया।

# सशक्त ग्रामीण समुदायों के बिना विकसित भारत संभव नहीं है- केंद्रीय मंत्री श्री चंद्रशेखर पेम्मासानी

पंकज, रमन

नई दिल्ली– केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री श्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा है कि सशक्त ग्रामीण समुदायों के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। गोवा के मीरमार में आज प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री पेम्मासानी ने कहा कि जब हमारे गांव समृद्ध होंगे, तो भारत समृद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परिवर्तनकारी दृष्टिकोण के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना अंत्योदय की सच्ची भावना ङ्क अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान– को मूर्त रूप देती है। श्री पेम्मासानी ने कहा कि पीएमएवाई–ग्रामीण एक नीति से कहीं अधिक है, इस योजना के तहत उम्मीदें साकार हुई हैं, सपनों को मूर्त रूप दिया गया है और परिवारों को अनिश्चितता से सुरक्षा की ओर ले जाया गया है। उन्होंने कहा, 卐मार्च 2029 तक 4.95 करोड़ घरों के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, हमने पहले ही उल्लेखनीय प्रगति की है। आज तक, कुल 3.90 करोड़ लक्ष्य आवंटित किए गए हैं, 3.69 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है और 2.76 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। योजना के तहत बने घरों की प्रत्येक संख्या एक परिवार को शांति से नींद लेते हुए, बच्चों को सुरक्षित रूप से पढ़ते हुए और बुजुर्गों को सम्मान के साथ जीवन गुजारते हुए दर्शाती है।




**प्रधानमंत्री आवास योजना – ग्रामीण के अंतर्गत क्षेत्रीय ग्रामीण कार्यशाला का गोवा के मीरमार में उद्घाटन**



# मोहिंदर भगत ने बस्ती शेख भगवान वाल्मीकि मंदिर से अशोक नगर तक 45 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सड़क का किया उद्घाटन

मनदीप कौर

जालंधर, पंजाब के रक्षा सेवा कल्याण, स्वतंत्रता सेनानी और बागवानी मंत्री मोहिंदर सिंह भगत ने आज जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 44, 45 और 48 में बस्ती शेख भगवान वाल्मीकि मंदिर से अशोक नगर तक 45 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य प्रगति की राह पर है और लोगों से किए वादे पूरे किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि जालंधर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में सड़क ढांचे में युद्ध स्तर पर सुधार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों को अच्छी सड़क नेटवर्क प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। श्री भगत ने आगे कहा कि मौजूदा पंजाब सरकार राज्य को रंगला पंजाब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को हलके में

**कहा, राज्य प्रगति की राह पर है, लोगों से किए वादे हो रहे है पूरे**

चल रहे विकास कार्यों को समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए कहा, ताकि लोगों को बड़ी राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि हलके में विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। इस अवसर पर नगर निगम जालंधर के मेयर विनीत धीर ने कहा कि नगर निगम जालंधर शहर के विकास की ओर पूरा ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में जहां बेहतरीन सड़कें बनाई जा रही है, वहीं अन्य विकास कार्य भी समय पर पूरे किए जा रहे है। इस अवसर पर पार्षद राज कुमार राजू, सुदेश भगत, हरजिंदर सिंह, सौरव सेठ और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह कैडेट भारतीय सेना और वायु सेना में कमीशंड अधिकारी बने

पंकज

चंडीगढ़, पंजाब का गौरव बढ़ाते हुए, मोहाली स्थित महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के छह पूर्व कैडेट आज भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना में कमीशंड अधिकारी बन गए हैं। इस इंस्टीट्यूट के तीन कैडेट – मोहाली से गौरव सिंह, बठिंडा से निखिल बांसल और होशियारपुर से समय सैनी – को देहरादून स्थित इंडियन मिलिट्री एकेडमी (आई.एम.ए.) में 156वें रेगुलर कोर्स के हिस्से के रूप में भारतीय सेना में कमीशन मिला है। इस अवसर पर पासिंग आउट परेड का निरीक्षण श्रीलंका के सेना कमांडर और आई.एम.ए. के पास आउट लेफ्टिनेंट जनरल बी.के.जी.एम. लासंथा रोड्रिगो द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त, इस इंस्टीट्यूट के तीन अन्य कैडेट – बठिंडा से यश नैलवाल, मोहाली से कनिष्क चौहान और रोपड़ से अभिनव मिश्रा – को हैदराबाद के डुंडीगल स्थित एयर फोर्स एकेडमी (ए.एफ.ए.) में 215वें कोर्स की कंबाइंड पासिंग आउट परेड के दौरान भारतीय वायु सेना में कमीशन मिला है। इस परेड का निरीक्षण सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम. द्वारा किया गया।

# फ़सली विभिन्नता को काफी बढ़ावा देगा 9.50 करोड़ रुपए की लागत वाला चिल्ली प्रोसेसिंग प्लांट

एसके सक्सैना

चंडीगढ़, पंजाब के कृषि और फूड प्रोसेसिंग मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि राज्य में फ़सली विभिन्नता को उत्साहित करने और किसानों की आमदन बढ़ाने के यत्नों के अंतर्गत पंजाब सरकार द्वारा सितम्बर 2025 तक अबोहर में 9.50 करोड़ रुपए की लागत वाला चिल्ली प्रोसेसिंग प्लांट तैयार किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पंजाब एग्री एक्सपोर्ट निगम लिमटिड (पैगरैकसो) द्वारा प्रति घंटा पाँच टन क्षमता वाला यह चिल्ली प्रोसेसिंग प्लांट एक एकड़ ज़मीन पर स्थापित किया जा रहा है। इससे राज्य के कृषि क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा। स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि किसानों को प्रोसेसिंग के लिए उचित अधिक–उपज वाली मिर्च की किस्में उगाने के लिए उत्साहित करने स्वरूप मिर्च की काश्त अधीन क्षेत्र हर साल बढ़ रहा है। साल 2024 तक, पंजाब में मिर्च की काश्त अधीन क्षेत्र 10,614 हेक्टेयर था, जो हाल ही के सालों में सबसे अधिक रिकार्ड किया गया क्षेत्र है, जिसमें से 21,416 मीट्रिक टन उपज हुई। मिर्चों के उत्पादन में फ़िरोज़पुर ज़िला अग्रणी रहा, इसके बाद पटियाला, मालेरकोटला, संगरूर, जालंधर, तरन तारन, अमृतसर, एस. बी. एस. नगर और होशियारपुर हैं। फ़िरोज़पुर का औसतन उत्पादन प्रति हेक्टेयर लगभग 19 मीट्रिक टन रहा, जो क्षेत्र में अपनाये जा रहे कुशल खेती अभ्यासों और किसानों की दूरदर्शिता को दर्शाता है। फूड प्रोसेसिंग मंत्री ने कहा कि पैगरैकसो द्वारा स्थापित मार्किटिंग नैटवर्क की मदद के साथ सीधी किसानों और ऐगरीगेटरों से मिर्ची खरीदी जाती हैं। यह निगम पंजाब की लाल मिर्च के पेस्ट को बड़े स्तर पर निर्यात करता है। पंजाब की मिर्चों की उच्च गुणवत्ता और तीखे स्वाद के कारण साल दर साल इसकी माँग में विस्तार हो रहा है, जिससे किसानों को प्रोसेसिंग के लिए लाल मिर्चों की काश्तकारी करने की ओर अधिक उत्साह मिला है। मिर्चों की काश्त पंजाब की कृषि विभिन्नता के एक महत्वपूर्ण हिस्से के तौर पर उभरी है, जिससे किसानों को गेहूँ और धान जैसी रिवायती फसलों की जगह एक लाभदायक विकल्प मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य की अनुकूल खेती– जलवायु स्थितियों ने रणनीतिक तौर पर पंजाब को मिर्चों के उत्पादन और प्रोसेसिंग में एक प्रमुख काश्तकार के तौर पर उभारा है।



**5 टन प्रति घंटे की क्षमता वाला प्लांट अबोहर में सितम्बर 2025 तक होगा कार्यशील–गुरमीत सिंह खुड्डियां**

# नशा छोड़ने वाले मरीजों से बातचीत कर उन्हें नए सिरे से जीवन शुरु करने के लिए किया प्रेरित

## टोपची सी.एस.डी आर्मी कैंटीन में रैडक्रास के विंग्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित का कैंटीन का किया उद्घाटन

मनदीप कौर

होशियारपुर, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज अपने होशियारपुर दौरे के दौरान फतेहगढ़ स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर उन्हें पंजाब पुलिस की टुकड़ी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल ने केंद्र में उपचाराधीन मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें नशे से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि नशे की गिरफ्त से बाहर निकलना एक साहसिक कार्य है और नशा छोड़ने वाले व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे समाज की प्रगति में बाधक है। उन्होंने नशा छोड़ने वाले मरीजों से बातचीत कर उन्हें नए सिरे से जीवन शुरु करने के लिए प्रेरित किया इस मौके पर नशा छोड़ चुके कुछ युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए, जिन्होंने बताया कि कैसे वे पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटे हैं। ये अनुभव वर्तमान मरीजों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। इस दौरान राज्यपाल ने पूरे केंद्र का दौरा कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां चलने वाले व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्सों के बारे में भी जानकारी हासिल की। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने राज्यपाल पंजाब को जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन की ओर से केंद्र में मल्टी–कुज़ीन कुकिंग, हेयर ड्रेसर व सैलून आर्टिस्ट जैसे व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य मरीजों को न केवल हुनर सिखाना है, बल्कि उन्हें समाज में आत्मसम्मान के साथ पुनः स्थापित करना भी है। क्वांटम पेपर मिल और वाइबर कास्टिक, मोहाली द्वारा सीएसआर के तहत केंद्र को बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इसके उपरांत राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने टोपची सी.एस.डी आर्मी कैंटीन में रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से संचालित अहम पहल 卐विंग्स प्रोजेक्ट卐 के अंतर्गत स्थापित की गई कैंटीन का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य बौद्धिक रूप से विशेष बच्चों को रोजगार के अवसर देना है। रेड क्रॉस की ओर से दिसंबर 2023 में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट के तहत होशियारपुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अब तक पांच टक शॉप्स खोली जा चुकी हैं। इन दुकानों की स्थापना हेतु सी.एस.आर के तहत लुधियाना बेवरेजेज (कोका कोला), होशियारपुर द्वारा सहयोग किया गया है। राज्यपाल ने इसके बाद सर्विसेज क्लब में शहर के प्रमुख नागरिकों से मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ब्रम शंकर जिंपा, पूर्व कैबिनेट मंत्री तीक्षण सूद, राज्यपाल के सचिव विवेक प्रताप सिंह, डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन, एस.एस.पी. संदीप कुमार मलिक, मेयर सुरिंदर कुमार और गुरु रविदास आर्युवेद यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. संजीव सूद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




# भ्रष्टाचार के आरोपी हैं केजरीवाल और सिसोदिया, लूट रहे हैं पंजाब की खजाने को–तरुण चुग

रमन कुमार

चंडीगढ़/लुधियाना, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने आज भगवंत मान और आप सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पंजाब को राजनीतिक लाभ के लिए आर्थिक कंगाली की ओर धकेला जा रहा है। चुग ने कहा कि मुख्यमंत्री मान पंजाब के आमजनमानस की जगह अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे भ्रष्टाचार के आरोपी नेताओं पर पंजाब के खजाने को उ?ा रहे 卐मान सरकार ने पंजाब को इन नेताओं की शरणस्थली बना लिया है, जबकि पंजाब के खजाने का पैसा आम आदमी पार्टी के प्रचार पर खर्च हो रहा है, चुग ने कहा। चुग ने यह भी चिंता जताई कि लुधियाना उपचुनाव के दौरान सभी सरकारी विभागों को आदेश दिया गया है कि वे खर्च किए गए फंड को राज्य के खजाने में वापस करें, इस आदेश से पंजाब की आर्थिक दिवालियापन और राज्य की तस्वीर पूरी तरह से साफ हो गयी है, ऐसा ही चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब पंजाब के पास रोजमर्रा की जरुरतो और पाने सरकारी कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक के लिए भी पैसा नहीं बचेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि खुद मुख्यमंत्री मान और उनकी पूरी सरकार अब केजरीवाल के हाथों की कठपुतली बन चुकी है, वही केजरीवाल जो खुद भ्रष्टाचार के आरोप में जमानत पर हैं, और ऐसे व्यक्ति को पंजाब और हमारे भविष्य के बारे में फैसले लेने का कोई अधिकार नहीं है। 卐पंजाब ने मुख्यमंत्री चुना था, कोई रबर स्टाम्प नहीं चुग ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि आप सरकार के शासन में गैंगस्टर, ज़मीन माफिया और शराब माफिया का वर्चस्व बढ़ा है, और पंजाब की आर्थिकि और सुरक्षा स्थिति दिनोंदिन खराब हो रही है। जहां अपराधी पनप रहे हैं, वहां उद्योगपति भाग रहे हैं और सरकार और प्रशासन केवल नाममात्र के लिए बची है, चुग ने कहा। चुग ने लुधियाना के लोगों से अपील की कि वे आगामी उपचुनाव में एक मजबूत और स्पष्ट संदेश भेजें, और पंजाब को अपराधी नेताओं के हस्तक्षेप से मुक्त करें। पंजाब को पंजाब से जुड़ा हुआ नेतृत्व चाहिए, चुग ने अंत में कहा।





# अमृतसर में नार्को-हवाला कार्टेल का पर्दाफाश; 4.5 किलोग्राम हेरोइन, 8.7 लाख रुपए की ड्रग मनी समेत छह गिरफ्तार

## मुख्य सरगना अरशदीप सिंह ने जेल में से सरहद पार अपने संबंधों से सिंडिकेट चलाया–डीजीपी गौरव यादव

कैप्टन सुभाष चंद्र

चंडीगढ़/ अमृतसर, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा– निर्देशों अनुसार पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए शुरु की मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुये कमिशनरेट पुलिस अमृतसर ने अरशदीप सिंह जो मौजूदा समय गोइन्दवाल जेल में बंद है, द्वारा चलाए जा रहे संगठित नार्को–हवाला कार्टेल के 6 गुर्गों को 4.526 किलोग्राम हेरोइन और 8.7 लाख रुपए की ड्रग मनी समेत गिरफ्तार करके इस कार्टेल का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी आज यहाँ डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस ( डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान करनदीप सिंह उर्फ करन ( 25) निवासी अलगों खुर्द, तरन तारन, जसप्रीत सिंह ( 20) निवासी सलोदी, लुधियाना, अरशदीप सिंह उर्फ अरस ( 22) निवासी महिन्दीपुर, तरन तारन, गुरमीत सिंह उर्फ गीतू ( 24) निवासी सुखेरा बोदला, फाजिल्का, रजिन्दरपाल सिंह उर्फ निक्का (24) निवासी कोलोवाल, अमृतसर और मलकीत सिंह (28) निवासी हवेलियाँ, तरन तारन के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि अरशदीप, अपने साथियों जसप्रीत और करन के साथ मिलकर नशीले पदार्थों के व्यापार और हवाला लेन–देन को अंजाम दे रहा था। उन्होंने बताया कि करन, गुरमीत और राजिन्दरपाल मिलकर सरहद पार नशीले पदार्थों की खेपें प्राप्त कर रहे थे और उनको पंजाब के अलग–अलग जिलों में बाँट रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच से यह भी पता लगा है कि नशीले पदार्थों के व्यापार से होने वाली कमाई जसप्रीत की तरफ से हवाला चैनलों के जरिये दुबई, यूएइ के द्वारा पाकिस्तान भेजी जाती थी। उन्होंने कहा कि अरशदीप की तरफ से जेल के अंदर इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है, जो उनकी सरहद पार की गतिविधियों के बारे महत्वपूर्ण सबूत प्रदान करता है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अगले–पिछले सम्बन्ध स्थापित करने के लिए और जांच जारी है। अन्य विवरण सांझे करते हुये पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि अरशदीप सिंह कमर्शियल ऐनडीपीऐस केस के अंतर्गत जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि जेल में बंद होने के बावजूद, उसने सरहद पार के तस्करों के साथ संपर्क बनाये रखा। उन्होंने कहा कि एक अलग केस में गिर?तार किया गया मुलजिम मलकीत सिंह एक बदनाम तस्कर है और उसने एक साल दुबई में बिताया था, जहाँ वह पाकिस्तानी तस्करों के संपर्क में आया। उन्होंने बताया कि उसके गाँव की अंतरराष्ट्रीय सरहद के साथ नजदीकी के कारण दोषी ने दो महीने पहले भारत वापस आकर खेपों की तस्करी करनी शुरू कर दी। सीपी ने कहा कि डीसीपी रविन्दरपाल सिंह और एडीसीपी जगबिन्दर सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस टीमों ने यह कार्यवाही खु?िया जानकारी के आधार पर की। उन्होंने बताया कि हेरोइन और ड्रग मनी बरामद करने के इलावा, पुलिस टीमों ने उनका हीरो सपलैंडर मोटरसाईकल जिसका प्रयोग वह खेपें पहुँचाने के लिए कर रहे थे, भी जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि इस नैटवर्क के स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का पता लगाने के लिए और जांच जारी है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियाँ और बरामदगियां होने की संभावना है। इस सम्बन्धी ऐनडीपीऐस एक्ट की सम्बन्धित धाराओं के अंतर्गत दो अलग–अलग ऐफआईआर दर्ज की गई हैं।

# पंजाब पुलिस द्वारा युवाओं को सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए समझौता


## भाईचारा और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु हारटेक फाउंडेशन से साझेदारी– विशेष डीजीपी गुरप्रीत कौर दियो

पंकज, रमन




चंडीगढ़, –पंजाब पुलिस ने युवाओं को सशक्त बनाने और जनहितकारी पुलिसिंग की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, अपने कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन (सीएडी) और हारटेक फाउंडेशन के बीच एक समझौता किया है। इस समझौते का उद्देश्य पूरे प्रदेश में संवेदनशील और मार्गभ्रष्ट युवाओं को कौशल विकास, काउंसलिंग, जागरूकता, क्षमता निर्माण और सामुदायिक भागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल करना है। इस समझौते पर आज विशेष पुलिस महानिदेशक (विशेष डीजीपी), कम्युनिटी अफेयर्स गुरप्रीत कौर दियो और हारटेक फाउंडेशन की सीईओ हरकीरत कौर द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह रणनीतिक साझेदारी युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने वाली ﾻयुवा सांझﾻ पहल को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। विशेष डीजीपी गुरप्रीत कौर दियो ने बताया कि हारटेक फाउंडेशन इस सहयोग के तहत पुलिस अधिकारियों और युवा सांझ समितियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम संचालित करके कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन को कार्यक्रम की प्रभावी और मानक कार्यान्वयन प्रक्रिया में समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्यभर में एक प्रभावशाली और समरूप शुरुआत को सुनिश्चित करते हुए एक व्यापक रोडमैप के रूप में कार्य करेगी। विशेष डीजीपी ने कहा, ﾻयुवा सांझ पहल का उद्देश्य पुलिस और विशेष रूप से उन युवाओं के बीच विश्वास पैदा करना है, जो खुद को अलग–थलग या कमजोर महसूस करते हैं। इस मंच के माध्यम से, हम सामुदायिक भागीदारी और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं।ﾻ उन्होंने कहा कि इस साझेदारी का मकसद एक समावेशी, सुरक्षित और भागीदारी आधारित सामुदायिक वातावरण तैयार कर पुलिस और युवाओं के बीच संबंधों को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि दोनों संस्थाओं का लक्ष्य वंचित और जोखिमग्रस्त समुदायों तक पहुंच बनाकर उनमें नेतृत्व, नागरिक जिम्मेदारी और जीवनोपयोगी कौशलों को बढ़ावा देना है। उन्होंने आगे बताया कि यह पहल कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन के नेतृत्व में पहले चरण में प्रदेश के चुने हुए जिलों में स्थानीय ﾻसांझ केंद्रोंﾻ के माध्यम से शुरू की जाएगी। इस पहल के तहत, कौशल विकास और रोजगार आधारित कार्यक्रमों के ज़रिए संवेदनशील युवाओं को समाज की मुख्यधारा में लाने और उनके समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। हारटेक फाउंडेशन की सीईओ हरकीरत कौर ने कहा, ﾻपंजाब पुलिस के कम्युनिटी अफेयर्स डिवीजन के साथ सहयोग करना हमारे लिए गर्व की बात है। %युवा सांझ% पहल हमारे युवाओं की क्षमताओं को निखार कर और उनमें सकारात्मक परिवर्तन लाकर लचीले समुदायों के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से मेल खाती है।

# पंजाब सरकार द्वारा दलित परिवारों के 68 करोड़ के कर्जे माफ - मोहिंदर भगत



## कहा, 4 हजार से ज्यादा परिवारों को मिलेगी राहत

मनदीप कौर

जालंधर, आज पंजाब विधानसभा में कैबिनेट की मीटिंग में सरकार ने दलित समाज के लिए कर्जमाफी की घोषणा की है। पंजाब के कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने पंजाब सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे 4 हजार से ज्यादा परिवारों को राहत मिलेगी । उन्होंने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार ने मंगलवार को करीब 68 करोड़ रुपये की कर्जमाफी की घोषणा की है। इसमें एस.सी. लैंड डिवेलपमेंट ऐंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन से कर्ज लेने वाले करीब 4727 दलित परिवारों को लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार दलित परिवारों का यह कर्ज डिफाल्ट हो चुका था।कुल 68 करोड़ रुपये के कर्ज माफ में 30 करोड़ मूलधान, 22 करोड़ ब्याज और 15 करोड़ रुपये पीनल इंटरेस्ट है। यह कर्ज माफी मार्च 2020 तक के कर्ज के लिए लागू की गई है। मोहिंदर भगत ने बताया कि पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 2025–26 के बजट में ही इस कर्ज माफी के लिए बजट का इंतजाम कर दिया था, लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा आज हुई है। उन्होंने कहा कि 2020 के बाद कर्ज लेने वालों के साथ भी संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाएगा। श्री भगत ने कहा कि इन दलित परिवारों की वास्तविक परेशानी की वजह से वे कर्ज अदा नहीं कर पाए। वहीं इस कर्ज का रिकवरी रेट 84 फीसदी थी,जो कि कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पंजाब की भगवंत मान सरकार सदैव दलित समाज के हितों की रक्षा हेतु तत्पर रही है और आगे भी रहेगी।



# लाल चंद कटारूचक्क द्वारा पल्लनपुर में नवीनीकृत इंसपैकशन हट का उदघाटन

रमन कुमार

## हट को आकर्षक रूप देने के लिए 70 लाख रुपए की लागत से की गई मुरम्मत

चंडीगढ़, एक बड़ी पहलकदमी के अंतर्गत वन और वन्य जीव संरक्षण मं7त्री लाल चंद कटारूचक्क ने आज गाँव पल्लनपुर (सिसवां वन रेंज का हिस्सा) में नयी मुरम्मत की गई इंसपैकशन हट का उद्घाटन किया। इस वातावरण–अनुकूल प्रयास पर लगभग 70 लाख रुपए की लागत आई है। उन्होंने कहा कि मिर्जापुर में भी रैस्ट हाऊस का नवीनीकरन किया जायेगा और नयी छवि दी जायेगी। इसके इलावा, इंसपैकशन हट के पिछली तरफ़ एक हरा–भरा कुदरती मार्ग भी विकसित किया जा रहा है। पूरा होने पर यह रमणीक मार्ग, कुदरत प्रेमियों के लिए, पक्षियों की विभिन्न और विलक्षण किस्मों की झलक और ताज़ी हवा का स्रोत होगा। इस मौके पर पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार वन विभाग की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को ध्यान में रखते हुए, विभाग इस साल फलदार वृक्षों के 3.50 करोड़ पौधे लगाने की योजना बना रहा है। उन्होंने कहा कि इस वातावरण अनुकूल प्रयास से राज्य में वन अधीन क्षेत्रफल को बढ़ाने में बहुत मदद मिलेगी। इसके इलावा, पठानकोट ज़िले के धार ब्लाक में एक गेस्ट हाऊस के साथ–साथ हरीके में एक नेचर इंटरप्रीटेशन सैंटर भी बनाया गया है। इसी तरह ढोलबाहा में भी ऐसी विकास केंद्रित गतिविधियों सम्बन्धी योजनाएँ बनाईं जा रही है। मंत्री ने आगे बताया कि हाल ही में, वन विभाग के 378 ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को रेगुलर किया गया है और मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान जल्दी ही उनको इस सम्बन्ध में नियुक्ति पत्र देंगे। इस मौके पर अन्यों के इलावा प्रमुख मुख्य वन पाल (फोरेस्ट फोर्स के प्रमुख) धर्मेंद्र शर्मा, ए. पी. सी. सी. एफ.–कम– सी. ई. ओ. पनकैंपा सौरव गुप्ता, सी. सी. एफ. ( हिलज़) निधि श्रीवास्तव, सी. सी. एफ. (वाइल्ड लाईफ़) सागर सेतिया, सी. एफ. शिवालिक सर्कल श्री कन्नन, और डी. एफ. ओ. मोहाली कंवरदीप सिंह शामिल थे।

# अंबेडकर की प्रतिमा का अपमान–पंजाब सरकार की कुंभकर्णी नींद कब टूटेगी– चुग

पंकज



## पंजाब में बाबा साहिब की प्रतिमा का अपमान, संविधान और सामाजिक न्याय पर हमला – चुग

चंडीगढ़, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने फिल्लौर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के साथ की गई आपत्तिजनक और शर्मनाक हरकत पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक प्रतिमा का नहीं, बल्कि भारतीय संविधान, सामाजिक न्याय और करोड़ों वंचितों की आकांक्षाओं का सीधा अपमान है। यह घटना न केवल घिनौनी और निंदनीय है, बल्कि यह दर्शाती है कि पंजाब में कानून–व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और राज्य सरकार संवेदनशील मुद्दों पर आंख मूंदे बैठी है। तरुण चुग ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले अमृतसर में एक पुलिस थाने के पास बाबा साहिब की प्रतिमा के साथ इसी तरह की अपमानजनक हरकत हो चुकी है। दुर्भाग्य यह है कि हर बार की तरह इस बार भी पंजाब सरकार की प्रतिक्रिया सन्नाटा है। सरकार की यह चुप्पी सिर्फ असंवेदनशीलता नहीं, बल्कि सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों के प्रति उसकी उदासीनता को उजागर करती है। चुग ने तीखा तंज करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान या तो गहरी नींद में हैं या केजरीवाल और उनके मेहमानों की आवभगत में इतने व्यस्त हैं कि उन्हें पंजाब में बाबा साहिब की प्रतिमा के अपमान की खबर तक नहीं। उन्होंने कहा कि यह रवैया केवल गैर–जिम्मेदाराना ही नहीं, बल्कि संविधान के प्रति सीधा अपमान है। जब एक मुख्यमंत्री राज्य के संवेदनशील मुद्दों पर मौन साध ले, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि उनकी प्राथमिकताएं जनता नहीं, बल्कि अपनी दिल्ली दरबार की वफादारी है। तरुण चुग ने कहा कि बाबा साहिब केवल समाज के नेता नहीं, बल्कि भारत के संविधान निर्माता, राष्ट्र की आत्मा और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। यदि आज उनकी प्रतिमा तक सुरक्षित नहीं है, तो यह मान सरकार की विफलता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को उजागर करता है। चुग ने पूछा कि क्या पंजाब अब उस दिशा में जा रहा है, जहां संविधान, न्याय और बराबरी जैसे मूल्य सिर्फ भाषणों तक सीमित रह जाएं? चुग ने स्पष्ट रूप से मांग की कि इस कायरतापूर्ण और उकसावेपूर्ण कृत्य के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्यभर में डॉ. अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता और स्थायी प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे नफरत फैलाने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और उनके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में कानून का भय बना रहे और सामाजिक समरसता भंग न हो। तरुण चुग ने पंजाब की जनता से अपील की कि वे इस कृत्य का विरोध शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संविधानसम्मत तरीकों से करें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का अपमान सिर्फ वंचित समाज का नहीं, अपितु पूरे भारत का अपमान है – और भारतीय जनता पार्टी इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

# दो दशकों से आर्थिक बोझ झेल रहे हजारों परिवारों को कर्ज माफी से मिली राहत-हरपाल सिंह चीमा

## पंजाब कैबिनेट का निर्णय आम आदमी पार्टी सरकार की सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण–चीमा

रमन




चंडीगढ़, पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का पंजाब कैबिनेट के ऐतिहासिक निर्णय के लिए दिल से आभार व्यक्त किया, जिसके तहत पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम के प्रति 31 मार्च 2020 तक बकाया 68 करोड़ रुपये का कर्ज 4,727 गरीब अनुसूचित जाति परिवारों का माफ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णायक कदम पिछले दो दशकों से इस आर्थिक बोझ से जूझ रहे हजारों परिवारों को बड़ी राहत देगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा इस कर्ज माफी के निर्णय की घोषणा हेतु आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने माफ किए गए कुल राशि का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि माफ की गई कुल 68 करोड़ रुपये की राशि में लगभग 30 करोड़ रुपये मूलधन, 22 करोड़ रुपये ब्याज और 15 करोड़ रुपये दंडात्मक ब्याज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये ऋ्रण पिछले बीस वर्षों से बकाया थे और इस दौरान प्रभावित परिवारों ने कई बार कांग्रेस और अकाली–भाजपा सरकारों से गुहार लगाई, लेकिन उनकी आवाज़ नहीं सुनी गई। पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास एवं वित्त निगम द्वारा दिए गए ऋ्रणों की 84 प्रतिशत वसूली सफलता दर को उजागर करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह दर यह साबित करती है कि इन परिवारों में अपने ऋ्रणों को चुकाने की गंभीर प्रतिबद्धता रही है, क्योंकि वे इन ऋ्रणों का उपयोग संसाधनों को जुटाकर रोजगार सृजन के लिए करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ऋ्रण उधारकर्ताओं की मृत्यु या अन्य अनिवार्य परिस्थितियों के कारण लंबित थे, जिनके चलते उनका भुगतान नहीं हो पाया। ऐसे मामलों में पंजाब सरकार ने कर्ज माफ करने का फैसला लिया है। वित्त मंत्री ने विशेष रूप से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की और बताया कि इन परिवारों द्वारा संपर्क किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें वित्तीय वर्ष 2025–26 के राज्य बजट में कर्ज माफी का प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले के पीछे आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का मार्गदर्शन और समर्थन बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने कहा, ﾻअरविंद केजरीवाल जी समाज के सभी वर्गों की समस्याओं पर बारीकी से नजर रखते हैं और हमेशा प्रभावी समाधान के लिए दिशा प्रदान करते हैं। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि यह कर्ज माफी हजारों परिवारों को बड़ी राहत देगी और उन्हें निगम द्वारा की जा रही परेशानियों से मुक्ति दिलाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय 'आप' सरकार की सामाजिक न्याय और समाज के सबसे वंचित वर्गों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# पंजाब के छात्रों ने रचा इतिहास- सरकारी स्कूलों के 40 विद्यार्थियों ने पास की जे.ई.ई. (एडवांस्ड) परीक्षा

## ज़मान सरकार ने शैक्षणिक खाई को दूर कर हर बच्चे के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर के अवसर सुनिश्चित किए–हरजोत सिंह बैंस

पंकज, रमन

चंडीगढ़, पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि राज्य के सरकारी स्कूलों के 40 विद्यार्थियों ने कड़े मुकाबले वाली जॉइंट एंट्रेंस परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड पास करके एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है, जिससे अब उनके लिए देश के प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में दाखिला लेने का रास्ता साफ हो गया है। इस शानदार उपलब्धि के लिए इन होनहार विद्यार्थियों, उनके माता–पिता और अध्यापकों को दिल से बधाई देते हुए स. बैंस ने कहा कि ये विद्यार्थी पंजाब का गौरव और देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के प्रति पंजाब सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता का ठोस प्रमाण है। एक होनहार विद्यार्थी की दिल को छू लेने वाली कहानी साझा करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मोहित कुमार गर्ग स्कूल ऑफ एमीनेंस, समाना के विद्यार्थी अर्शदीप सिंह ने जीवन में बड़े सदमे से गुजरने के बावजूद जेईई परीक्षा पास की है। अर्शदीप के पिता की मृत्यु के बाद उसकी मां सुनीता रानी ने आठ हजार रुपये महीने पर सफाई कर्मचारी के रूप में काम किया। इस सब के बावजूद अर्शदीप की मां ने उसके सपनों और इरादों को पूरा करने का दृढ़ इरादा रखा। अर्शदीप ने पंजाब सरकार द्वारा दी गई मुफ्त कोचिंग और अपनी कड़ी मेहनत तथा अपनी



मां व अध्यापकों के मार्गदर्शन व समर्थन से यह बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब एक आईआईटी क्वालीफायर के रूप में अर्शदीप अपने परिवार की परिस्थितियों को सुधार सकता है। स. हरजोत सिंह बैंस ने फिरोजपुर जिले के एक सरकारी स्कूल के एक और विद्यार्थी लवप्रीत सिंह की कहानी साझा करते हुए बताया कि लवप्रीत ने निजी कोचिंग के बिना जेईई परीक्षा पास की है। अध्यापकों की मदद और मुफ्त कोचिंग के बदौलत लवप्रीत ने सीमित वित्तीय संसाधनों के बावजूद सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि लवप्रीत की कहानी गांवों के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करने हेतु सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही अकादमिक सहायता की शक्ति को दर्शाती है।

एक और विद्यार्थी की प्रेरणादायक कहानी साझा करते हुए, स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पटियाला जिले के एक सरकारी स्कूल के विद्यार्थी हरकिरण दास ने जेईई पास की है। उसके पिता मेवा दास एक फैक्ट्री में 7 हजार रुपये महीना पर काम करते हैं। इसके बावजूद हरकिरण के दृढ़ इरादे और अध्यापकों के मार्गदर्शन और मुफ्त कोचिंग कार्यक्रम ने उसे आर्थिक मुश्किलों के पार जाकर यह परीक्षा पास करने में मदद की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत अकादमिक सहायता, सवाल–जवाब सत्र और मार्गदर्शन ने उसे वांछित समर्थन प्रदान करके अपनी मंजिल की ओर बढ़ने में मदद की। उन्होंने कहा कि हरकिरण की कहानी अन्य विद्यार्थियों को मुश्किलों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने के लिए दृढ़ रहने हेतु प्रेरित करती है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ये विद्यार्थी शिक्षा की शक्ति, जीवन में कुछ कर गुजरने के दृढ़ इरादे और समर्पण का ठोस प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों ने निचले स्तर से उठकर बड़े मुकाम हासिल करते हुए साबित कर दिया है कि दृढ़ता और कड़ी मेहनत से जीवन में कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इन विद्यार्थियों की सफलता निस्संदेह दूसरे विद्यार्थियों को अपनी पूरी क्षमता से अपनी मंजिल हासिल करने के लिए प्रयत्नशील रहने हेतु प्रेरित करती रहेगी। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने शैक्षणिक खाई को पाटने के लिए अथक मेहनत की है और यह सुनिश्चित किया है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर के बराबर अवसर प्रदान किए जाएं। शिक्षा मंत्री स. बैंस ने कहा कि यह शानदार उपलब्धि मान सरकार की युवाओं को सशक्त बनाने और बराबरी के समाज के निर्माण, जहां हर विद्यार्थी अपनी पूरी क्षमता से आगे बढ़ते हुए तरक्की कर सके, के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों के लिए सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं है, बल्कि जिंदगी को बदलने के लिए शिक्षा की शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयत्नशील रहेंगे कि पंजाब के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सफल होने के बराबर अवसर मिलें।

पढ़ें भारत हर ख़बर सच के साथ
आज तक आमने-सामने
पंजाब, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली एवं हरियाणा
Email : aajtakaamnesaamne.in@gmail.com
RNI No-Punhin2013/54688



# युद्ध नशों विरुद्ध : अत्याधुनिक ए. एन. टी. एफ. रेंज दफ्तर का पटियाला में उद्घाटन

## पंजाब में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे तक 'युद्ध नशों विरुद्ध' रहेगा जारी– डीजीपी गौरव यादव

एसके सक्सैना


चंडीगढ़ / पटियाला, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व अधीन चलाई जा रही मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के हिस्से के तौर पर डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज पटियाला पुलिस लाईनज में अत्याधुनिक एंटी नारकोटिकस टास्क फोर्स(एऐनटीऐफ) के दफ्तर का उद्घाटन किया। इस दौरान डीजीपी गौरव यादव के साथ विशेष डीजीपी ए. एन. टी. एफ. कुलदीप सिंह और ए. एन. टी. एफ. के ए. डी. जी. पी. नीलाभ किशोर भी मौजूद थे। 1 करोड़ रुपए की लागत के साथ 6800 वर्ग फुट में निर्मित यह एक अत्याधुनिक दो मंजिला इमारत है, जो नशा तस्करी को प्रभावशाली ढंग से निपटने के लिए तकनीकी साजो–समान के साथ लैस है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि यह सुविधा नवीनतम फोरेंसिक साजो–सामान, डाटा विश्लेषण प्रणालियों, फोरेंसिक डाटा इनक्रिपशन और डक्रिपशन और क्रिपटो करैंसी जांच करने वाले उपकरणों के साथ लैस है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा की प्रभावशीलता को और कारगर बनाने के लिए कुशल तकनीकी माहिरों की समर्पित टीम को तैनात किया जा रहा है जिससे किसी भी किस्म का आपराधिक नैटवर्क पंजाब में सिर उठाने की हिमाकत न कर सके। डीजीपी ने कहा, ''रैपिड रिस्पांस और कार्यशील गतिशीलता को बढ़ाने के लिए यूनिट को नये वाहन भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं जिससे मुस्तैद और प्रभावी ढंग से निर्णायक कार्यवाही को अंजाम दिया जा सके। एएनटीएफ की बिल्डिंग का उद्घाटन करने के बाद मीडिया को संबोधन करते हुये डीजीपी गौरव यादव ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम को बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि नशों के मुकम्मल ख़ात्मे तक यह मुहिम राज्य में जारी रहेगी। पंजाब पुलिस ने व्यापक पहुँच अपनाई है जिसके उद्देश्य न केवल नशा तस्करों को काबू करना है बल्कि नशों के काले कारोबार में शामिल बड़ी मछलियों पर नकेल कसना भी है। उन्होंने कहा, ''हमने तस्करों के विरुद्ध सख़्त रवैया अपनाया है और नशों की गिरफ्त में फंसे नौजवानों के पुनर्वास के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एऐनटीऐफ को नशों विरोधी मुहिम का केंद्र बताते हुये डीजीपी ने कहा कि जिलों में इनफोरसमैंट गतिविधियों की निगरानी के इलावा, यह यूनिट अन्य विभागों के साथ तालमेल करके नशा छुड़ाओ रणनीतियों को लागू करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार ने पिछले वित्तीय साल में तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए 12 करोड़ रुपए की ग्रांट दी थी, जब कि इस साल इस ग्रांट को बढ़ा कर 13.5 करोड़ रुपए कर दिया गया, जो कि ए. एन. टी. एफ. के बुनियादी ढांचे को और म?बूत और बेहतर बनाने के लिए इस्तेमाल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी तर्ज पर जालंधर रेंज में ए. एन. टी. एफ का दफ्तर निर्माण अधीन है और बहुत जल्दी सभी रेंजों में ऐसे ए. एन. टी. एफ. दफ्तर होंगे।



डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि 'सेफ पंजाब' वटसऐप चैटबोट पोर्टल – 9779100200– एक महत्वपूर्ण पहल के तौर पर उभरा है। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर नशा तस्करों और नशों के आदी व्यक्तियों के बारे सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाती है जिस कारण लोगों की तरफ से इसको काफी प्रोत्साहन मिला है और वह इस पर अपने सुझाव भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस पोर्टल पर प्राप्त हुए 7635 मामलों में से 1596 में ऐफआईआर? दर्ज करते हुये 1814 मुलजिमों को गिरफ्तार किया गया है। 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम के नतीजे सांझे करते हुये डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस ने 1 मार्च, 2025 से अब तक 8960 ऐफआईआर? दर्ज करके 15,272 नशा तस्करों को गिर?तार किया है और मुलजिमों के कब्जे में से 603 किलो हेरोइन, 249 किलो अफीम, 14 टन भुक्की, 9 किलो चरस, 262 किलो गाँजा, 2.5 किलो आईसीइ, 1.6 किलो कोकिन, 26.28 लाख नशीली गोलियां/कैपसूल और 10.81 करो? रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है। उन्होंने आगे कहा कि इसके साथ ही 144 नशा तस्करों की 74.27 करोड़ रुपए की गैर–कानूनी जायदादें भी जब्त की गई हैं। डीजीपी गौरव यादव ने अपनी रणनीति के विशेष पक्ष को उभारते हुये कहा कि ध्यान देने वाली बात यह है कि 1121 नशा करने वाले जिन व्यक्तियों को नशों की थोड़ी सी मात्रा के साथ काबू किया गया था, को अपराधियों की तरह नहीं बल्कि उन्हें पीड़ित मानते हुये ऐनडीपीऐस एक्ट की धारा 'ए' के अंतर्गत पुनर्वास के लिए भेजा गया है। इसके इलावा पुलिस ने डी–एडिकश सैटरों में 5786 नशा छुड़ाओ इलाज के लिए दाख़िल करवाया है और 6483 नशा पीड़ितों को ओट क्लीनिकों में सेवाएं हासिल करने के लिए राजी किया है। उन्होंने कहा कि मुहिम की सफलता का श्रेय लोगों को जाता है क्योंकि 19,559 गाँव की रक्षा कमेटियों ने बहुत सक्रियता से सम्बन्धित अथॉरिटी का साथ दिया है। डीजीपी ने लोगों को नशों के विरुद्ध इस जनहितैषी मुहिम को समर्थन जारी रखने और उनको सेफ पंजाब चैटबोट –9779100200 पर गुप्त रूप में नशों सम्बन्धी जानकारी देने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस द्वारा जमानत पर बाहर आए बड़े नशा तस्करों की गतिविधियों की निगरानी और ट्रैक करने के लिए जीपीएस ऐंकलैटों के प्रयोग की संभावना तलाशी जा रही है। डीजीपी ने कहा, ''हम समर्थ अदालत की मंजूरी के साथ जीपीएस ऐंकलैटों के द्वारा मानत पर रिहा हुए बड़े तस्करों की गतिविधियों को ट्रैक करने और निगरानी के लिए कानूनी पक्ष से प्रस्ताव की जांच कर रहे हैं।'' डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस एआई आधारित डाटाबेस भी विकसित कर रही है जिससे ऐनडीपीऐस एक्ट के अधीन गिरफ्तार किये व्यक्तियों के अगले–पिछले सम्बन्धों की और गहराई से जांच की जा सके। इस मौके पर डीआईजी एएनटीएफ संजीव कुमार रामपाल, डीआईजी पटियाला रेंज डॉ. नानक सिंह, एसएसपी वरुण शर्मा और एआईजी एएनटीएफ भूपिन्दर सिंह मौजूद थे।

# निर्वाचन आयोग वोटिंग प्रतिशतता रिपोर्ट सांझी करने की प्रक्रिया को करेगा अपग्रेड - सिबिन सी

पंकज, रमन



चंडीगढ़, पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब वोटिंग प्रतिशतता के अनुमानित रूझानों के बारे समय पर अपडेट प्रदान करने के लिए एक सुचारू, प्रौद्यौगिकी–आधारित प्रणाली शुरू की जा रही है। यह नयी प्रक्रिया पहले के मैनुअल रिपोर्टिंग तरीकों के साथ जुड़े समय के अंतर को काफ़ी हद तक कम करेगी। यह पहलकदमी आयोग की समय पर लोक संपर्क की वचनबद्धता के साथ मेल खाती है, जिस पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा कई बारी ज़ोर दिया गया है। चुनाव नियम 1961 के नियम 49 एस के कानूनी ढांचे के अधीन, प्रीज़ाईडिंग अफ़सर (पी. आर. ओ.) द्वारा पोलिंग एजेंटों को फार्म 17 सी जारी करना जरूरी होता है, जिसमें कितने वोट पड़े, इसकी जानकारी होती है। यह एजेंट उम्मीदवारों की तरफ से नामज़द किये जाते हैं और पोलिंग स्टेशन पर मौजूद होते हैं। हालाँकि यह कानूनी ज़रूरत अभी भी बदली नहीं है परन्तु वोटर टर्नआउट एप को अपडेट करने की प्रक्रिया, जोकि लोगों को अनुमानित वोटर मतदान प्रतिशत के रूझानों के बारे सूचित करने के लिए एक सुविधाजनक ढंग के तौर पर विकसित हुई थी, को अब और तेज और सम्भ बनाया जा रहा है। इस नयी पहलकदमी के अंतर्गत हरेक पोलिंग स्टेशन के प्रीज़ाईडिंग अफ़सर (पी. आर. ओ.) अब पोलिंग वाले दिन हर दो घंटों के बाद नये ईसीआइ नैट एप पर वोटर मतदान को सीधा दर्ज करेंगे जिससे अनुमानित वोटिंग रूझानों के अपडेट में समय के अंतर को घटाया जा सके। यह जानकारी अपने आप हलका स्तर पर इकट्ठी हो जायेगी। अनुमानित वोटिंग प्रतिशत के रुझान पहले की तरह हर दो घंटों के बाद प्रकाशित होते रहेंगे। ख़ास बात यह है कि वोटिंग समाप्त होने के बाद पोलिंग स्टेशन छोड़ने से पहले पी. आर. ओ. द्वारा ईसीआइ नैट में डाटा दर्ज किया जायेगा, जिससे रुझान की अपडेट देरी से बचेगी और पोलिंग के अनुमानित प्रतिशत संख्याएं हलका स्तर पर वोटर टर्नआउट एप में उपलब्ध होंगी, जोकि नैटवर्क कनैकटिवटी के अधीन होगा। जहाँ मोबाइल नैटवर्क उपलब्ध नहीं होगा, वहाँ डाटा आफलाईन दर्ज करके कनैकटिवटी मिलने के उपरांत सिंक किया जा सकेगा। यह अपडेट हुआ वोटिंग टर्नआउट एप अब बिहार मतदान से पहले ईसीआइ नैट का अटूट हिस्सा बन जायेगा। पहले वोटर टर्नआउट डाटा सैक्टर अधिकारियों द्वारा हाथों इकट्ठा किया जाता था और रिटर्निंग अफसरों तक फ़ोन, एस. एम. एस या मैसेजिंग ऐपस के द्वारा भेजा जाता था। यह जानकारी हर दो घंटों के बाद इकट्ठी करके वोटर टर्नआउट एप पर अपलोड की जाती थी। अक्सर वोटिंग प्रतिशत के आंकड़े देरी से अपडेट होते थे, कई बार देर रात या अगले दिन तक जब तक भौतिक रिकार्ड नहीं आते थे, इस कारण 4–5 घंटों या उससे भी अधिक की देरी हो जाती थी, जोकि कई बारी गलतफ़हमियां पैदा करती थी।

# आप सरकार द्वारा ऐतिहासिक फैसला, अनुसूचित जाति भाईचारे के परिवारों को बड़ी राहत

## 67.84 करोड़ रुपये के कर्ज माफ, 4800 परिवारों को मिला लाभ, कर्ज माफी योजना केवल एक योजना नहीं है, बल्कि भाईचारे के सम्मान को बहाल करने, न्याय प्रदान करने और नई शुरुआत के लिए अवसर प्रदान करेगी

एसके सक्सैना

चंडीगढ़, राज्य में अनुसूचित जाति (एस.सी) समुदाय को बड़ी राहत देते हुए, मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब मंत्रिमंडल ने आज 67.84 करोड़ रुपए की कर्ज माफी को मंजूरी दी, जिससे लगभग 4,800 परिवारों को लाभ हुआ। इस संबंध में निर्णय मुख्य मंत्री की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। आज यहां यह जानकारी देते हुए मुख्य मंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने पंजाब अनुसूचित जाति भूमि विकास और वित्त निगम (पीएससीएफसी) के कर्जदारों के लिए 31 मार्च, 2020 तक वितरित किए गए कर्ज माफ करने के लिए कार्योत्तर मंजूरी दे दी है। यह माफी पीएससीएफसी द्वारा उपरोक्त तिथि तक वितरित किए गए सभी कर्जों के लिए है, जिससे एससी समुदाय और दिव्यांग वर्ग के कर्जदारों को अत्यंत आवश्यक राहत मिली है। इस कदम से कुल 4,727 कर्जदारों को 67.84 करोड़ रुपए की राशि का लाभ होगा। कुल 4,727 कर्जदार, जिनमें 4,685 डिफॉल्ट कर्जदार और 42 नियमित कर्जदार शामिल हैं, इस कर्ज माफी योजना के अंतर्गत आएंगे। इसके लिए %नो ड्यू सर्टिफिकेट% पी.एस.सी.एफ.सी के जिला प्रबंधकों द्वारा जारी किए जाएंगे। प्रवक्ता ने आगे बताया कि 30 अप्रैल, 2025 तक गणना की गई मूल राशि, ब्याज और



दंड ब्याज सहित कुल 67.84 करोड़ रुपए की पूरी राशि राज्य सरकार द्वारा पी.एस.सी.एफ.सी को वापस की जाएगी। अंतिम ब्याज की राशि की गणना उस तिथि से होगी, जिस दिन सरकार इस योजना को लागू करने के लिए अधिसूचना जारी करेगी। इसके परिणामस्वरूप, कुल माफी राशि बढ़ सकती है और ऐसी स्थिति में किसी भी अतिरिक्त राशि का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा। प्रवक्ता ने आगे कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि जिन कर्जदारों ने पहले भी कर्ज माफी योजनाओं का लाभ लिया है, वे भी इस माफी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र माने जाएंगे। कर्ज माफी के बाद, पी.एस.सी.एफ.सी के नियमों के तहत कर्ज लेने वालों के खिलाफ वसूली के लिए कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। कट–ऑफ तिथि तक उनके खातों को पूरी तरह से सेटल माना जाएगा। हालांकि, जिन कर्जदारों ने पी.एस.सी.एफ.सी के खिलाफ अदालती मामले दर्ज किए हैं, वे तब तक पात्र नहीं होंगे, जब तक कि वे बिना शर्त अपने मामले वापस नहीं ले लेते और इसके संबंध में दस्तावेजी सबूत नहीं देते। उल्लेखनीय है कि 2011 की जनगणना के अनुसार, अनुसूचित जाति समुदाय की आबादी पंजाब की कुल आबादी का 31.94 प्रतिशत है। इस समुदाय के कई सदस्यों ने अपनी आर्थिक प्रगति के उद्देश्य से स्व–रोजगार उद्यम स्थापित करने के लिए पीएससीएफसी से कर्ज लिया था। हालांकि, कुछ कर्जदार बाहरी परिस्थितियों के कारण कर्ज चुकाने में असमर्थ रहे, जिसके कारण वे डिफॉल्ट हो गए। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस माफी योजना के लागू होने से 4,727 अनुसूचित जाति समुदाय के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों और दिव्यांग वर्ग के लाभार्थियों को 67.84 करोड़ रुपए की राहत मिलेगी, जिसमें 30.02 करोड़ रुपए मूल राशि, 22.95 करोड़ रुपए ब्याज और 14.87 करोड़ रुपए दंड ब्याज शामिल है (जो 30 अप्रैल, 2025 तक गणना की गई है)। सरकार का यह प्रयास उनके सम्मान को बहाल करने और समाज में सम्मानजनक जीवन जीने में सक्षम बनाने में मदद करेगा।

इसके अलावा, इस माफी योजना के तहत लाभार्थी अपने परिवारों की सहायता के लिए नए उद्यमों के लिए मुक्त वित्तीय स्त्रोतों का उपयोग कर सकेंगे। यह प्रयास पी.एस.सी.एफ.सी को भविष्य में अनुसूचित जाति के अन्य पात्र व्यक्तियों को नए कर्ज देने में भी सक्षम बनाएगा। पंजाब सरकार का यह निर्णय हजारों परिवारों के प्रति राहत और सम्मान की पहल को दर्शाता है, जो वर्षों से कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। कुल 4,727 परिवारों को इस योजना का सीधा लाभ होगा। इन परिवारों को यह कर्ज डेयरी फार्मिंग, किराना दुकान, टेलरिंग, बुटीक, फर्नीचर का काम, बिल्डिंग मटेरियल या हार्डवेयर की दुकानें, चमड़े के सामान का उत्पादन, शिक्षा के लिए कर्ज या रेस्तरां जैसे छोटे व्यवसाय शुरू करने में मदद के लिए दिए गए थे। ये परिवार घर के कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु, लंबी बीमारी के कारण सारी बचत खत्म होने या आय का कोई अन्य साधन न होने जैसी परिस्थितियों के कारण अपने कर्ज नहीं चुका सके। राज्य सरकार का मानना है कि ऐसे लोगों से इस कर्ज की वसूली करना सरासर अन्याय है, जिसके कारण कर्ज माफी का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि पी.एस.सी.एफ.सी की स्थापना 1971 में की गई थी। यह एक विश्वसनीय संस्था है जो अनुसूचित जाति समुदाय को कम ब्याज दरों पर कर्ज प्रदान कर रही है। अब तक इस संस्था ने 5.41 लाख से अधिक लोगों को 846.90 करोड़ रुपए के कर्ज वितरित किए हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वे न केवल वादे करते हैं, बल्कि उन्हें पूरा भी करते हैं, जबकि पिछली सरकारों ने अनुसूचित जाति समुदाय को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। आप सरकार अनुसूचित जाति समुदाय के परिवारों के दुख–दर्द को समझती है और उन्हें हमेशा समानता, उचित अधिकार और सम्मान दिया है। यह योजना केवल कर्ज माफी तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदाय के सम्मान को बहाल करने, न्याय देने और नई शुरुआत के लिए अवसर प्रदान करती है।



# पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने गुरुद्वारा छेवीं पातशाही बस्ती शेख में मत्था टेका

मनदीप कौर

जालंधर, जालंधर के बस्ती शेख स्थित गुरुद्वारा छेवीं पातशाही में श्री हरगोबिंद साहिब जी का 430वां प्रकाश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भाजपा पंजाब के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका और अरदास की। श्री हरगोबिंद साहिब जी का 430वां प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हाजरी लगाई। गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेकते हुए पूर्व सांसद सुशील रिंकू ने कहा कि शांति, भक्ति एवं सेवाभाव को सर्वोपरि रखकर गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने सिख धर्म को जनकल्याण का माध्यम बनाने में अमूल्य योगदान दिया। सुशील रिंकू ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के प्रति गुरु हरगोबिंद साहिब जी का साहस, शौर्य और समर्पण देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस दौरान गुरुद्वारा साहिब के पदाधिकारियों ने सुशील रिंकू को सिरोपा भेंटकर सम्मानित किया।

**श्री हरगोबिंद साहिब जी का 430वां प्रकाश उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया**

# पंजाब के लिए गौरव और हौसले की उड़ान-माई भागो इंस्टीट्यूट की तीन कैडेट भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन प्राप्त कीं

## अमन अरोड़ा ने कैडेटों को शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी और वायु सेना में उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं

कैप्टन सुभाष चंद्र

चंडीगढ़, अपनी शानदार उपलब्धियों को जारी रखते हुए, पंजाब सरकार के माई भागो आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (ए.एफ.पी.आई.) फॉर गर्ल्स, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) की तीन पूर्व कैडेट – हरनूर सिंह, कृति एस बिष्ट और अलीशा – को आज एयर फोर्स एकेडमी, डुंडीगल (हैदराबाद) से सफलतापूर्वक पास आउट होने पर भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ है। उन्हें एक प्रभावशाली पासिंग आउट परेड में कमीशन दिया गया, जिसका निरीक्षण वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम. द्वारा किया गया। यह उल्लेखनीय है कि फ्लाइंग ऑफिसर हरनूर सिंह और अलीशा को शिक्षा शाखा में कमीशन मिला है, जबकि फ्लाइंग ऑफिसर कृति एस बिष्ट





को वायु सेना की प्रशासन शाखा में फ्लाइट कंट्रोलर के रूप में कमीशन मिला है। फ्लाइंग ऑफिसर हरनूर सिंह पठानकोट के रहने वाले श्री विक्रम सिंह बैंस की बेटी हैं, जो एक सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल हैं। फ्लाइंग ऑफिसर कृति एस. बिष्ट के पिता श्री शक्ति शरण सिंह पी.ए.सी.एल., नंगल में वरिष्ठ इंजीनियर हैं। फ्लाइंग ऑफिसर अलीशा के पिता श्री सुनील दत्त, जो जालंधर से संबंध रखते हैं, एक निजी स्कूल में शिक्षक हैं। इन महिला कैडेटों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए, पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने कहा कि उनकी सफलता पंजाब की अन्य बेटियों को रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उन लड़कियों के सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो रक्षा सेवाओं में कमीशंड अधिकारी के रूप में शामिल होने का लक्ष्य रखती हैं। यह उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने जुलाई, 2023 में माई भागो इंस्टीट्यूट में लड़कियों के लिए एन.डी.ए. प्रिपरेटरी विंग भी स्थापित किया था, जिसका दूसरा बैच इस समय प्रशिक्षण ले रहा है। माई भागो इंस्टीट्यूट के निदेशक मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू, ए.वी.एस.एम. (सेवानिवृत्त) ने इन तीनों कैडेटों को फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि राज्य सरकार के सशस्त्र बलों में अधिक लड़कियों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के प्रयासों को और बढ़ावा देगी। उन्होंने भारतीय वायु सेना में कमीशंड अधिकारी के रूप में शामिल होने वाली कैडेटों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

पंकज

पंचकूला, माननीय कुलपति महोदय प्रोफेसर संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला, होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, न्यू चंडीगढ़ के सहयोग से, 14 जून 2025 (शनिवार) को अपने परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आयकर अयुक्त श्री अमनदीप सिंह, कुलपति महोदय प्रोफेसर संजीव शर्मा, डीन इंचार्ज प्रोफेसर सतीश गन्धर्व, डीएमएस समन्वयक डॉ गौरव गर्ग, प्रोफेसर प्रहलाद रघु, अधिकारी, एवं कर्मचारी उपस्थित रहें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के बारे में एवं नागरिकों को इस नेक कार्य के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने रक्तदान का महत्व समझाते हुए रक्त से जरूरतमन्द रोगियों को मिलने वाले जीवनदान के बारे में बात की। जिन्होंने नियमित रूप से रक्तदान करने के महत्व पर जोर दिया, खासकर कैंसर के उपचार, सर्जरी या आपात स्थिति का सामना कर रहे रोगियों के लिए। होमी भाभा कैंसर अस्पताल के चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ हरमनजीत सिंह एवं उनकी टीम ने रक्त संग्रह प्रक्रिया की। रक्तदाताओ के लिए रिफ्रेशमेंट एवं सर्टिफिकेट की व्यवस्था विश्वास फाउंडेशन से श्री मोहित विश्वास एवं इनकी टीम द्वारा की गयी। इस शिविर में लगभग 46 यूनिट रक्तदान हुआ एवं शिविर का समन्वयक डॉ अंकिता नेगी ने किया। आयोजक संस्थाएँ सभी नागरिकों, छात्रों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को इस नेक काम में सक्रिय रूप से भाग लेने और योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करती है। जैसा कि अभियान का संदेश हमें याद दिलाता है – फ्हर बूँद मायने रखती है। जीवन रक्षक बनें!

